वर्ष- 02 अंक- 79

छपरा

1 फरवरी, शनिवार 2025

पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com

E-Paper

website : www.dainikkhojkhabar.live

## प्रयागराज महाकुंभ में जयशंकर के साथ 116 देशों के राजनयिक संगम में आज लगाएंगे डुबकी



**महाकुंभनगर, एजेंसी।** संपूर्ण दुनिया के आकर्षण का केंद्र बना प्रयागराज महाकुंभ नित नए कीर्तिमान रच रहा है। विश्व के 116 देशों के राजनयिक आज महाकुंभनगर आ रहे हैं। सभी राजनयिक प्रयागराज के बमरौली एयरपोर्ट पर उतरेंगे। वहां से हेलीकाप्टर से अरैल पहुंचेंगे। राजनयिकों के साथ विदेशमंत्री एस.जयशंकर पहुंच रहे हैं।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सभी का प्रयागराज में स्वागत करेंगे। सभी राजनयिक अरैल पहुंचने पर सबसे पहले अपने देश का झंडा फहरायेंगे। इसके बाद संगम में डुबकी लगाने पहुंचेंगे ।यह वैश्विक आयोजन मां गंगा के तट पर होगा। इस समागम में धुर विरोधी रूस और यूक्रेन के राजदूत भी शामिल होंगे। इसके अलावा अमेरिका, बांग्लादेश, जापान, जर्मनी, हंगरी, बेलारूस, कजाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील, मलेशिया, जिम्बाम्बे, कम्बोडिया, इटली, नेपाल, थाईलैंड, स्वीडन व स्विटजरलैंड समेत 116 देशों के राजनयिक अमृतकाल के साक्षी बनेंगे।मेला अधिकारी विजय किरन आनंद के अनुसार, इस संबंध में सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। राजनयिक संगम में डुबकी लगाने के बाद अक्षयवट और लेटे हुए हनुमान जी का दर्शन करेंगे। इसके बाद डिजिटल अनुभूति केंद्र में प्रयागराज के महात्म्य के संबंध में जानकारी लेंगे।

## पंजाब के फिरोजपुर में पिकअप-कैंटर की टक्कर, नौ की मौत, 11 घायल



**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब के फिरोजपुर में आज सुबह पिकअप और कैंटर की टक्कर में नौ लोगों की मौत हो गई जबकि 11 लोग घायल हो गए। घायल व्यक्तियों में पांच की हालत गंभीर है। यह हादसा फिरोजपुर-फाजिल्का रोड पर गांव मोहन के उताड़ के पास हुआ। पिकअप में 25 से ज्यादा मजदूर सवार थे। इंस्पेक्टर जसविंदर सिंह बराड़ ने कहा कि यह हादसा संभवतः धुंध के कारण हुआ। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है। मजदूर फिरोजपुर से देहात एरिया की ओर जा रहे थे। जिला उपायुक्त दीप शिखा शर्मा ने नौ लोगों की मौत की पुष्टि की है।

## सरकार ने आधार अधिनियम में किया संशोधन, निजी संस्थान अपनी सेवा देने के लिए सत्यापन का कर सकेंगे इस्तेमाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने आधार अधिनियम में संशोधन किया है, जिससे निजी संस्थान अपनी सेवाएं देने के लिए आधार सत्यापन (ऑथेंटिकेशन) का उपयोग कर सकते हैं। इस बारे में शुक्रवार को एक अधिसूचना जारी की गई। बता दें कि, सितंबर 2018 में, सुप्रीम कोर्ट ने आधार अधिनियम की धारा 57 को दुरुपयोग की संभावना वाला करार दिया था। इस धारा के तहत निजी संस्थानों को व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए आधार सत्यापन करने की अनुमति थी। अब, सरकार ने आधार सत्यापन फॉर गुड गवर्नेंस (सामाजिक कल्याण, नवाचार, ज्ञान) संशोधन नियम, 2025 को अधिसूचित किया है।

**संसद में राष्ट्रपति का 59 मिनट का अभिभाषण:**

# कहा- 70+ बुजुर्गों को आयुष्मान का फायदा मिला, छोटे कारोबारियों को दोगुना लोन; 3 करोड़ नए घर बनेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि मेरी सरकार भारत की विकास यात्रा के इस अमृतकाल को अभूतपूर्व उपलब्धियों के माध्यम से नई ऊर्जा दे रही है। तीसरे कार्यकाल में तीन गुना तेज गति से काम हो रहा है। आज देश बड़े निर्णयों और नीतियों को असाधारण गति से लागू होते देख रहा है। उन्होंने संसद के संयुक्त सत्र के संबोधन में इस पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अभी दो महीने पहले ही हमने अपने संविधान को अपनाने के 75 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाया और कुछ दिन पहले ही भारत गणराज्य ने 75 वर्ष की यात्रा पूरी की है। उन्होंने सभी लोगों की ओर से बाबा साहेब आंबेडकर और संविधान निर्माण में शामिल सभी लोगों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में देश में हो



रहे विकास कार्यों का भी उल्लेख किया। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि आज वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत जैसी अनेक ट्रेनें चलाई जा रही हैं। पिछले छह महीने में 17 नई वंदे भारत ट्रेनें और एक नमो ट्रेन शुरू की गई है। एक राष्ट्र, एक चुनाव और वक्फ (संशोधन) विधेयक की दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है। पिछले एक दशक में मेरी सरकार ने विकसित भारत की यात्रा को नई ऊर्जा दी है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि प्रयागराज में महाकुंभ का ऐतिहासिक पर्व चल रहा है। महाकुंभ भारत की सांस्कृतिक परंपरा और सामाजिक चेतना का पर्व है। देश-दुनिया से करोड़ों श्रद्धालुओं ने प्रयागराज में पवित्र डुबकी लगाई है। उन्होंने मौनी अमावस्या पर हुए हादसे पर दुख जताया और अपनी संवेदना व्यक्त की। राष्ट्रपति ने कहा कि केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना का विस्तार करते हुए तीन करोड़ अतिरिक्त परिवारों को नए घर देने का निर्णय लिया गया है। जनजातीय समाज के पांच करोड़ लोगों के लिए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान प्रारंभ हुआ है। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के छह करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य बीमा देने का फैसला हुआ है। सरकार ने युवाओं की शिक्षा और उनके लिए रोजगार के नए अवसर तैयार करने पर विशेष फोकस किया है।उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं के नेतृत्व में देश को सशक्त बनाने में विश्वास करती है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 91 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों को सशक्त किया जा रहा है। हमारी बैंकिंग और डिजी पेमेंट सखियां दूरदराज के इलाकों में लोगों को वित्तीय व्यवस्था से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

**संसद में बजट सत्र शुरू**

# दस साल में पहला अवसर जब संसद सत्र से पूर्व विदेश से चिंगारी लगाने की कोई कोशिश नहीं हुई : प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज बजट सत्र से पूर्व आशा व्यक्त की कि सरकार और संसद देश की आकांक्षाओं के बजट सत्र में खरे उतरेंगे। साथ ही उन्होंने इस बात पर आश्चर्य जताया कि इस बार संसद सत्र के पूर्व विदेश से चिंगारी लगाने की कोई कोशिश नहीं हुई।

प्रधानमंत्री मोदी ने बजट सत्र के आरंभ से पूर्व परंपरागत तौर पर मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सरकार और संसद देश की आशा-आकांक्षाओं के बजट सत्र में खरे उतरेंगे। साथ ही इस बजट सत्र में सभी सांसद विकसित भारत को मजबूती देने के लिए अपना योगदान देंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने वक्तव्य की शुरुआत में महालक्ष्मी



को प्रणाम किया और धन, संपदा और समृद्धि की देवी लक्ष्मी सब पर कृपा करने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि मां लक्ष्मी हमें सिद्धि, विवेक, समृद्धि और कल्याण देती हैं। मैं प्रार्थना करता हूं कि देश के हर गरीब एवं मध्यम वर्गीय समुदाय पर मां लक्ष्मी की विशेष कृपा रहे।

अपने तीसरे कार्यकाल के पहले पूर्ण बजट को लेकर प्रधानमंत्री ने कहा कि यह सत्र और बजट लोगों में एक नया विश्वास पैदा करेगा और नई ऊर्जा देगा। वह विश्वास से कह सकते हैं कि 2047 में आजादी के 100 साल होने पर विकसित भारत संकल्प पूरा होगा।

## ..अंत तक राष्ट्रपति थक गई थीं, मुश्किल से बोल पा रही थीं, सोनिया के बयान पर बवाल; भाजपा ने किया पलटवार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संसद में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के बाद कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी के बयान पर बवाल मच गया है। सोनिया गांधी ने संसद के बाहर राष्ट्रपति को पूअर थिंग कहा। राहुल गांधी ने भी राष्ट्रपति के अभिभाषण को बोरिंग बताया। इस पर भाजपा ने पलटवार किया और इसे राष्ट्रपति का अपमान करार दिया। इस बीच कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला।



**सोनिया गांधी ने क्या कहा?** दरअसल, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के बाद शुक्रवार को कहा कि वह अपने संबोधन के आखिर तक थक गई थीं और बहुत मुश्किल से बोल पा रही थीं। उन्होंने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, अंत तक राष्ट्रपति बहुत थक गई थीं...वह मुश्किल से बोल पा रही थीं, बेचारी। वहीं, राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के भाषण को बोरिंग कहा।

**सोनिया और राहुल से क्या उम्मीद की जा सकती है- धर्मेंद्र प्रधान**

सोनिया गांधी की टिप्पणी को भाजपा ने राष्ट्रपति का अपमान करार दिया। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति का अपमान किया है। कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी और उनके बेटे और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के खिलाफ जिस तरह के शब्दों का इस्तेमाल किया, मैं उसकी कल्पना भी नहीं कर सकता। उनसे और क्या उम्मीद की जा सकती है?

## कांग्रेस के शाही परिवार ने राष्ट्रपति का किया अपमान :प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज द्वारका में रैली की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शाही परिवार का अहंकार देश ने फिर देखा। राष्टपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद को संबोधित किया। उनकी मातृभाषा हिंदी नहीं है, लेकिन उन्होंने बेहतरीन भाषण दिया, लेकिन कांग्रेस का शाही परिवार उनके अपमान पर उतर आया है। राष्ट्रपति ओडिशा आदिवासी परिवार से निकलकर यहां तक पहुंची हैं। ये देश के 10 करोड़ आदिवासियों का अपमान है। जो जमीन से उठकर ऊपर आते हैं, उनको कांग्रेस का शाही परिवार पसंद नहीं करता। गरीब, दलित, आदिवासी और ओबीसी समाज से जो भी लोग आगे बढ़ते हैं, कांग्रेस उनको अपमानित करती है। कांग्रेस और आपदा दोनों में बहुत अहंकार हैं। ये आप-दा वाले खुद को दिल्ली का मालिक बताते हैं। कांग्रेस वाले खुद को देश का मालिक समझते हैं। उन्होंने कहा कि आप-दा वालों ने दिल्ली को अपनी राजनीति चमकाने का ATM बना लिया है।

# दिल्ली में एक साथ 7 विधायकों का इस्तीफा

### चुनाव के बीच आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले आम आदमी पार्टी (आप) को बड़ा झटका लगा है। वोटिंग से पांच दिन पहले पार्टी के 7 विधायकों ने इस्तीफा दे दिया है। पार्टी ने इन सातों विधायकों का टिकट काट दिया था जिसको लेकर इनमें नाराजगी थी। राजेश ऋषि, नरेश यादव और रोहित कुमार महरौलिया, भावना गौड़, मदन लाल समेत 7 विधायकों ने शुक्रवार को इस्तीफे



का ऐलान कर दिया। जनकपुरी से दो बार के विधायक राजेश ऋषि ने आम आदमी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता समेत सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। टिकट कटने से नाराज चल रहे राजेश ऋषि ने अरविंद केजरीवाल को भेजे इस्तीफे में आरोप लगाया कि पार्टी मूल सिद्धांतों को त्यागकर भ्रष्टाचार में डूब गई है। उन्होंने यह भी लिखा है कि संतोष कोली के बलिदान के साथ गलत व्यवहार किया गया। संतोष कोली के हत्यारे को टिकट दिया गया, यह पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ विश्वासघात है। उन्होंने पार्टी में भाई-भतीजावाद किए जाने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने आम आदमी पार्टी को एक अनियंत्रित गिरोह बताते हुए लिखा, 'आम आदमी पार्टी एक अनियंत्रित गिरोह के लिए लिए स्वर्ग बन गई है। पार्टी का नेतृत्व भ्रष्टाचार, भाई भतीजावाद और तानाशाही के साथ पर्यायवाची हो गई है।' महरौली के विधायक नरेश यादव ने भी पार्टी पर भ्रष्टाचार में शामिल होने का आरोप लगाकर इस्तीफा दे दिया है। नरेश यादव को पार्टी ने टिकट दिया था,

### हरियाणा सीएम के खिलाफ दर्ज हो क्रिमिनल केस

## केजरीवाल बोले-उन्होंने जानबूझकर यमुना का पानी जहरीला किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल शुक्रवार सुबह 11.30 बजे चुनाव आयोग ऑफिस पहुंचे। उन्होंने यमुना जहर मामले पर आयोग की ओर से पूछे गए सवालों के जवाब में चिट्ठी दी। इस दौरान उनके साथ दिल्ली की सीएम आतिशी और पंजाब सीएम भगवंत मान भी साथ पहुंचे थे। केजरीवाल ने चिट्ठी में लिखा कि हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी ने जानबूझकर यमुना का पानी जहरीला किया। हरियाणा सीएम के खिलाफ क्रिमिनल केस दर्ज हो। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, केजरीवाल बिना अपॉइंटमेंट के चुनाव आयोग के कार्यालय गए थे। हालांकि, आयोग ने इसे स्पेशल केस मानकर केजरीवाल से मीटिंग की। दिल्ली की मुख्यमंत्री ने दिसंबर के आखिरी हफ्ते में हरियाणा के मुख्यमंत्री को फोन किया करके अमोनिया कम करने को कहा। सीएम हरियाणा ने आश्वासन दिया कि वे आवश्यक कदम उठाएंगे, हालांकि, उन्होंने ऐसा नहीं किया। सीएम दिल्ली ने उन्हें कई बार फिर फोन किया। बाद में हरियाणा सीएम ने फोन उठाना बंद कर दिया। इस बीच, अमोनिया का स्तर बढ़ता रहा। इसके बाद, पंजाब सीएम ने भी सीएम दिल्ली की ओर से नायब सैनी को फोन किया गया। 15 जनवरी के बाद से अमोनिया का स्तर बहुत तेजी से बढ़ना शुरू हो गया ( 15 जनवरी को लगभग 3.2 पीपीएम) और कुछ दिनों बाद 7 पीपीएम तक पहुंच गया। ऐसा लगा कि हरियाणा की ओर से प्रदूषित पानी भेजकर दिल्ली चुनावों को प्रभावित करने का जानबूझकर प्रयास किया गया था। मैंने बाद में सोशल मीडिया पर लिखा- चुनाव में हार के डर से भाजपा दिल्ली वालों को प्यासा मारना चाहती है। ये जहरीला पानी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में साफ भी नहीं हो सकता।

# वित्त मंत्री ने संसद में पेश किया आर्थिक सर्वेक्षण

- **6.3 फीसदी से 6.8 फीसदी तक रह सकती है जीडीपी ग्रोथ**
- **अप्रैल से दिसंबर 2024 के बीच महंगाई 4.9 फीसदी रही**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज यानी 31 जनवरी को इकोनॉमिक सर्वे पेश किया। इसके अनुसार FY26 यानी, 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के दौरान GDP ग्रोथ 6.3% से 6.8% रहने का अनुमान है। वहीं रिटेल महंगाई वित्त वर्ष 2024 में 5.4% थी जो अप्रैल-दिसंबर 2024 में 4.9% हो गई। इकोनॉमिक सर्वे बजट से एक दिन पहले पेश किया जाता है। इसमें सरकार इस वित्त वर्ष यानी 2024-25 में देश की GDP का अनुमान और महंगाई समेत कई जानकारियां होती है। ठीक हमारे घर की डायरी की तरह ही होता है इकोनॉमिक सर्वे। इससे पता चलता है कि हमारे देश की अर्थव्यवस्था की हालत कैसी है। 2025-2026 में इकोनॉमी 6.3% से 6.8% की रफ्तार से बढ़ने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2024-2025 में रिटेल महंगाई 5.4% थी जो अप्रैल-दिसंबर 2024 में 4.9% हो गई। खराब मौसम, कम उपज के चलते सप्लाई चेन में बाधा आने से खाने-पीने की महंगाई बढ़ी। वित्त वर्ष 2025-2026 की पहली छमाही में अच्छे रबी उत्पादन से खाने-पीने की चीजों की कीमतें नियंत्रण में रह सकती हैं। वित्त वर्ष 2024-2025 की चौथी तिमाही में महंगाई में कमी की उम्मीद है। लेबर मार्केट के हालात 7 साल में बेहतर हुए है। FY24 में बेरोजगारी दर गिरकर 3.2% पर आई। EPFO में नेट पेरोल पिछले 6 साल में दोगुना हुआ जो संगठित क्षेत्र में रोजगार का अच्छा संकेत है।




**चालू वित्त वर्ष ने भी दिया जोर का झटका :** मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर और कॉरपोरेट इनवेस्टमेंट धीमा होने का असर भारतीय अर्थव्यवस्था पर चालू वित्त वर्ष में साफ दिख रहा है। मौजूदा वित्त वर्ष के दौरान देश की विकास दर 6.4 प्रतिशत रह सकती है, जो कि पिछले 4 साल में सबसे धीमी है। वहीं, बीते वित्त वर्ष की तुलना में इस बार गिरावट देखने को मिल रही है।

**खेती-किसानी को करना होगा और मजबूत :** सर्वे के अनुसार भारत के एग्री सेक्टर को और मजबूत करना होगा। यह देश की ताकत है और यह 5 प्रतिशत की ग्रोथ रेट से आगे बढ़ रही है। भारत फूड सिक्योरिटी के मामले में एक दुनिया के लिए प्रमुख देश बनेगा। इस इकनॉमिक सर्वे ने डिसइंवेस्टमेंट पर चुप्पी बनाई है। उम्मीद की जा रही है कि बजट में सरकार की तरफ से डिसइंवेस्टमेंट पर बयान जारी किया जा सकता है। वैश्विक अर्थव्यवस्था 2023 में 3.3 प्रतिशत की दर से ग्रोथ करने में सफल रही। आईएमएफ का अनुमान है कि ग्लोबल इकनॉमी ग्रोथ रेट अगले 5 साल के लिए 3.2 प्रतिशत रहेगी। वैश्विक स्तर पर ग्रोथ रेट स्थिर है। लेकिन अलग-अलगे क्षेत्रों में ग्रोथ रेट अलग-अलग रहेगा। पहले कोरोना और फिर युद्धों की वजह से दुनिया भर की अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ा है। महंगाई ने इस दौरान लोगों को खूब परेशान किाय है।

# आदर्श स्वयंसेवक थे शिवराम महापात्र : डॉ. मोहन भागवत

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि शिवराम महापात्र शांत स्वभाव के काफी सरल और मृदुभाषी थे लेकिन उनमें प्रचंड शक्ति भरी हुई थी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक जैसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का उन्होंने निर्वहन किया। स्वयंसेवक को कैसा होना चाहिए उसका उन्होंने उदाहरण प्रस्तुत किया। वे एक आदर्श स्वयंसेवक थे। यह विचार सरसंघचालक डॉ. भागवत ओडिशा के पूर्व प्रांत संघचालक शिवराम महापात्र की स्मृति में गुरुवार शाम भुवनेश्वर

के जयदेव भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में व्यक्त कर रहे थे। सरसंघचालक डॉ.भागवत ने कहा कि संघ का स्वयंसेवक प्रतिज्ञा में कहता है कि मैं संघ का कार्य प्रामाणिकता, निस्वार्थ भाव, वुद्धि और तन मन धन पूर्वक करूंगा । यह प्रतिज्ञा के शब्द स्वयं डॉ. साहब ने लिखे हैं । गुरुजी कहते हैं कि एक विशिष्ट



आध्यात्मिक स्तर पर आरूढ़ होकर उन्होंने यह लिखा है। अब प्रामाणिकता, निस्वार्थ भाव, वुद्धि और तन मन धन पूर्वक यानी कैसा ? तो हम निश्चित रूप से शिवराम जी के उदाहरण दे सकते हैं। वे दिखने में कितने शांत थे लेकिन उनके अंदर कितनी भावना होगी, जो ऐसा जीवन उन्होंने जिया और ऐसा जीवन जीने के बाद आज हम उन्हें स्मरण कर रहे हैं। लेकिन जब वे थे, तब हमें कभी लगा नहीं कि किसी इस तरह के अलौकिक व्यक्तित्व के साथ हम रहे।

संघ के स्वयंसेवक, कार्यकर्ता और अधिकारी वे सामान्य व्यक्तियों की तरह सभी के साथ रहे, लेकिन वह अपनी लोक संग्रही प्रवृत्ति, आत्मीयता, स्नेह और कर्तव्यबोध से सम्पूर्ण समाज को जोड़ते रहे। स्वर्गीय शिवराम महापात्र जैसे कई कार्यकर्ताओं ने अपने जीवन में इसका उदाहरण प्रस्तुत किया है।

संघ प्रमुख ने कहा कि स्वर्गीय शिवराम महापात्र जी का आचरण सभी के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत करता है। उनका कार्य करने का तरीका सभी को प्रेरित करता है। मोह से परे रहकर प्रेम देना उनका आदर्श था। संग्रही लोक वृत्ति को पाथेय कर वह संघ कार्य कर रहे थे। आदर्श परिवार के साथ आदर्श समाज निर्माण करना उनका संकल्प था।

# गुलियन बेरी सिंड्रोम से महाराष्ट्र में 4 की मौत

### पुणे में सबसे ज्यादा मामले, 130 मामले किए गए दर्ज

**पुणे, एजेंसी।** महाराष्ट्र में गुलियन बेरी सिंड्रोम से चार मौतें हो गई हैं। पिंपरी-चिंचवड में सबसे ज़्यादा मामले सामने आए हैं। शुक्रवार को दो और मौतों के साथ कुल मौतों की संख्या चार हो गई है। जीबीएस एक दुर्लभ तंत्रिका संबंधी बीमारी है। यह बीमारी तेज़ी से शरीर में कमज़ोरी और लकवा पैदा करती है। पुणे और पिंपरी-चिंचवड में नई



मौतें हुई हैं। पिंपरी-चिंचवड में 36 साल के एक मरीज की मौत हो गई। पुणे में जीबीएस के सबसे ज़्यादा 130 मामले दर्ज हुए हैं। राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने 24 जनवरी को एक रैपिड रिस्पांस टीम (RRT) बनाई थी। यह टीम जीबीएस के बढ़ते मामलों की जांच कर रही है। शुरुआत में 24 संदिग्ध मामले पाए गए थे। RRT और PMC के स्वास्थ्य विभाग प्रभावित इलाकों में निगरानी कर रहे हैं। सिंहगढ़ रोड इलाके में भी सर्वेक्षण किया गया है। कुल 7,215 घरों का सर्वेक्षण किया गया है। इनमें पुणे महानगर पालिका सीमा में 1,943 घर, चिंचवड महानगर पालिका सीमा में 1,750 घर और ग्रामीण इलाकों में 3,522 घर शामिल हैं। डॉक्टरों के अनुसार बैक्टीरिया और वायरस के संक्रमण से जबीएस हो सकता है। यह संक्रमण मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमज़ोर कर देता है। जीबीएस बच्चों और युवाओं दोनों में होता है। लेकिन डॉक्टरों का कहना है कि यह महामारी नहीं फैलाएगा। ज़्यादातर लोग इलाज से पूरी तरह ठीक हो जाते हैं।

# मणिपुर को अलग करने की थी खालिस्तानी पन्नू की मंशा

### सरकार बोली-ईसाई और मुसलमानों को किया भड़काने का काम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खालिस्तानी आतंकी संगठन सिख्स फॉर जस्टिस पर 5 साल के बैन को दिल्ली हाई कोर्ट के ट्राइब्यूनल ने मंजूरी दे दी है। इस उग्रवादी संगठन पर होम मिनिस्ट्री ने बैन लगाया था, जिसे ट्राइब्यूनल ने सही माना है। ट्राइब्यूनल के समक्ष सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने कुछ तथ्य भी पेश किए हैं, जिनमें सिख्स फॉर जस्टिस को लेकर कहा गया कि उसने मणिपुर में ईसाई समुदाय के लोगों को भड़काया कि वे भारत से अलग हो जाएं। केंद्र सरकार ने कहा कि सिख्स फॉर जस्टिस ने पंजाब को खालिस्तान के रूप में अलग देश बनाने की वकालत की तो वहीं मुसलमानों, तमिलों और मणिपुर के ईसाइयों को देश से अलग होने के लिए उकसाया। इसके अलावा आरोप है कि सिख्स फॉर जस्टिस ने पीएम नरेंद्र मोदी, होम मिनिस्टर अमित शाह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल को भी धमकी दी। यह जानकारी ट्राइब्यूनल के ऑर्डर में दी गई है, जिसे सरकार ने गजट नोटिफिकेशन के तौर पर प्रस्तुत कराया है। खुफिया एजेंसियों की ओर से तैयार नोट में कहा गया कि सिख्स फॉर जस्टिस ने भारत विरोधी एजेंडे को बढ़ाया है। उसने भारत के खिलाफ हिंसा की कोशिशें की हैं और पंजाब के लोगों को उकसाने के अलावा उसने मुसलमानों और ईसाइयों को लेकर भी विवादित बयान दिए हैं। उसने तमिलों को उकसाते हुए द्रविड़िस्तान की मांग करने की बात कही।

# जिम्मेवारी : दिल्ली विस चुनाव प्रचार में सक्रिय भूमिका निभाएंगे सारण जिला महामंत्री धर्मेंद्र कुमार साह

## बिहार से भेजी गई बीजेपी नेताओं की सूची जारी

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा और एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में सारण जिला महामंत्री धर्मेंद्र कुमार साह प्रचार की कमान संभालेंगे। भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने गुरुवार को उन नेताओं की सूची जारी की है, जो बिहार से दिल्ली जाकर चुनाव प्रचार करेंगे। इस सूची में धर्मेंद्र कुमार साह का नाम भी शामिल किया गया है। वह छपरा विधानसभा के प्रभारी भी हैं और पार्टी संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं।

धर्मेंद्र कुमार साह ने जानकारी देते हुए बताया कि वह गुरुवार को दिल्ली के लिए रवाना होंगे। वहां पहुंचकर वे विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा और एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करेंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली में भाजपा सरकार बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी और कार्यकर्ता बूथ स्तर तक मजबूती से काम कर रहे हैं।

**दिल्ली में जीत सुनिश्चित करने के लिए बिहार से नेताओं की तैनाती:** भाजपा नेतृत्व ने बिहार से भी कई वरिष्ठ नेताओं को दिल्ली चुनाव प्रचार में उतारा है.धर्मेंद्र कुमार साह ने कहा कि दिल्ली में पार्टी की स्थिति को और मजबूत करने के लिए बिहार से भाजपा नेताओं की एक विशेष टीम भेजी जा रही है।उन्होंने कहा, ''दिल्ली में भाजपा की सरकार बनाने के लिए हर स्तर पर तैयारी की जा रही है। बिहार से हम सभी कार्यकर्ता पूरी मेहनत और जोश के साथ भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में जुटेंगे। एक-एक बूथ पर रणनीति के तहत कार्य किया जाएगा, ताकि भाजपा को अधिक से अधिक सीटों पर जीत मिल सके।''

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जताया आभार :** धर्मेंद्र कुमार साह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि देश उनके नेतृत्व में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। विकास कार्यों को गति मिल रही है और जनता में भाजपा को लेकर विश्वास बढ़ा है।''गौरतलब है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। बिहार के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता दिल्ली जाकर पार्टी के प्रचार अभियान में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। बिहार से भेजे गए भाजपा नेताओं को अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में जिम्मेदारी दी गई है, ताकि जमीनी स्तर पर प्रचार अभियान को मजबूती मिले और भाजपा को अधिकतम सीटों पर जीत हासिल हो सके।साथ जाने वालों में एमएलसी प्रत्याशी धर्मेन्द्र कुमार सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश प्रसाद जिला महामंत्री शत्रुध्न भगत, पूर्व जिला महामंत्री शांतनु सिंह, एसी मोर्चा जिला महामंत्री शत्रुध्न चौधरी, रिवीलगंज प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान हैं।



## सड़क हादसे में डुमरी बुजुर्ग के कलाकार जयप्रकाश सिंह का निधन, परिवार में मातम

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** वैशाली जिले के गंगा ब्रिज थाना क्षेत्र के तेरसिया मोड़ पर गुरुवार तड़के एक भीषण सड़क दुर्घटना में सोनपुर प्रखंड के डुमरी बुजुर्ग निवासी 32 वर्षीय कलाकार जयप्रकाश सिंह की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में उनकी पत्नी, दो बेटे और एक रिश्तेदार समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक के एक बेटे की हालत नाजुक बनी हुई है।घटना तब हुई जब जयप्रकाश अपने परिवार के साथ स्विफ्ट डिजायर कार से पटना से घर लौट रहे थे। अचानक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे जा टकराई, जिससे वाहन के परखच्चे उड़ गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।जयप्रकाश सिंह कला मंडल महानाट्य समिति, डुमरी बुजुर्ग के एक प्रसिद्ध कलाकार थे। अपने अभिनय और सरल स्वभाव के कारण वे पूरे क्षेत्र में बेहद लोकप्रिय थे। उनके असामयिक निधन की खबर से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।जयप्रकाश अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे और एक मोबाइल कंपनी में कार्यरत थे। उनके आकस्मिक निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं गांव में भी मातम पसरा हुआ है।गंगा ब्रिज थाना अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि हादसे में जयप्रकाश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य घायलों का इलाज जारी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।जयप्रकाश के असामयिक निधन पर स्थानीय समाजसेवी गजेंद्र सिंह,उदय सिंह ने अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और परिवार को इस कठिन समय से उबरने की शक्ति दें।

## रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा कंबल एवं पाठ्य सामग्री का किया गया वितरण

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** रेड क्रॉस सोसायटी, छपरा की ओर से जरूरतमंदों की सहायता के उद्देश्य से मंगलवार को कोहबरवा गांव में गरीब और असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे, जिन्होंने रेड क्रॉस के इस मानवीय पहल की सराहना की।इसके अलावा, रेड क्रॉस सोसायटी ने रामकृष्ण आश्रम में अध्ययनरत बच्चों को शिक्षण सामग्री भी वितरित की। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों ने बच्चों को शिक्षा का महत्व समझाया और उन्हें बेहतर भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया।इस दौरान रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव जीनत जरीन मसीह , कार्यकारी अध्यक्ष डॉ प्रो एच के वर्मा , कोषाध्यक्ष डॉ सुरेश प्रसाद सिंह , रामकृष्ण आश्रम के सचिव अतिदेवनंद महाराज कार्यकारिणी सदस्य डॉ हरेंद्र सिंह, अमरेंद्र कुमार सिंह सहित कई अधिकारियों ने कहा कि समाज के जरूरतमंद लोगों की सहायता करना उनकी प्राथमिकता है और भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य जारी रहेंगे। स्थानीय लोगों ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए रेड क्रॉस सोसायटी को धन्यवाद दिया।

## सोनपुर में 6 परीक्षा केंद्रों पर इंटर परीक्षा आज से

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की इंटर की परीक्षा में छात्राओं की संख्या छात्रों की अपेक्षा अधिक होगी। सोनपुर में छात्राओं के लिए परीक्षा केंद्र बनाए गए । परीक्षा को कदाचार मुक्त संपन्न कराने के लिए सभी 6 परीक्षा केंद्र पर महिला दंडाधिकारियों की भी तैनाती की गयी है । सोनपुर में इस वर्ष की परीक्षा में 6 परीक्षा केंद्र पर कुल 4322 परीक्षार्थी शामिल होंगे। वहीं दूसरी ओर बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने कड़ा दिशा निर्देश देते हुए कहा है कि प्रथम पाली 9:30 बजे से 12:45 जबकि दूसरी पाली में 2:00 से 5:15 तक परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर अपने-अपने विषय के परीक्षा देगीस़भी परीक्षा केंद्र पर प्रथम पाली में 9:00 बजे जबकि द्वितीय पाली में 1:30 तक हर हाल में परीक्षा भवन में प्रवेश परीक्षार्थी को करना है.यदि निर्धारित समय के बाद पहुंचने वाले परीक्षार्थियों को अगर केंद्राधीक्षक परीक्षा में प्रवेश देंगे तो उन पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। सभी परीक्षा केंद्रों पर उड़न दस्ता की टीम पहुंच कर शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न कराएंगे.इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर समय से एक घंटा पूर्व प्रवेश करना होगा। साथ ही, परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व बंद करने का आदेश दिया गया है। यह नियम दोनों पालियों के लिए निर्धारित किया गया है। यदि कोई परीक्षार्थी परीक्षा को करेंगे प्रभावित तो आपराधिक कृत्य माना जाएगा। कोई परीक्षार्थी अपने परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समय से विलंब पहुंचते हैं अथवा

चहारदीवारी से कूदकर या गेट से जबरदस्ती परीक्षा में प्रवेश करने का प्रयास करते हैं तो उसे समिति के निर्देशों का उल्लंघन तथा क्रिमिनल ट्रेसपास की श्रेणी में माना जायेगा। बैंच डेस्क की कमी को बीईओ पूरा करेंगे। परीक्षा हाल में अपने साथ सिर्फ एडमिट कार्ड, पेन, पेंसिल, इरेजर, स्केल ही ले जाना होगा। मुख्य द्वार पर ही परीक्षार्थियों की जांच पड़ताल करने के बाद ही परीक्षा भवन के अंदर प्रवेश करने की इजाजत दी जाएगी.परीक्षार्थियों के अलावा पर्यवेक्षकों और अन्य कर्मचारियों को भी परीक्षा हाल में इलेक्ट्रॉनिक गैजेट ले जाने की अनुमति नहीं है। परीक्षा अवधि तक 500 गज की दूरी तक 144 धारा लागू रहेगी। परीक्षा केदो पर महिला एवं पुलिस वालों को तैनाती कर दी गई है।

## प्रधानाध्यापक के सेवानिवृत्त होने पर विदाई व सम्मान समारोह आयोजित


**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरपुर रामपुर के प्रधानाध्यापक मो कलामुद्दीन के सेवानिवृत्त होने पर विदाई व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया.मौके पर वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व की चर्चा करते हुए उन्हें एक आदर्श शिक्षक बताया. प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश महासचिव दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि कलामुद्दीन हमारे दुःख सुख के साथी हैं.संघ के लिए सदैव हर स्तर पर सहयोग किया.शिक्षक नेता तौकीर उस्मान ने कहा कि कलामुद्दीन एक कर्तव्यनिष्ठ एंव सहनशील व्यक्ति हैं.उनसे अन्य शिक्षकों को प्रेरणा लेनी चाहिए.परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष समरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते.वे जीवन भार समाज में शिक्षा का प्रकाश बिखेरते हैं.प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अभय कुमार सिंह, संरक्षक बृजेश कुमार सिंह, मढ़ौरा प्रखण्ड अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने कलामुद्दीन को कार्य में विश्वास रखने वाला व्यक्ति बताया. जदयू जिलाध्यक्ष व मढ़ौरा विधानसभा के पुर्व प्रत्याशी अल्ताफ आलम राजू ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता होते हैं. उन्हें उचित सम्मान मिलना चाहिए.अपने सम्मान के प्रतिउत्तर में कलामुद्दीन ने कहा कि जो प्यार, स्नेह और सहयोग यहां के शिक्षक, छात्र, अभिभावक और समाज के लोगों से मिला उसे विस्मृत नहीं किया जा सकता है.अन्य वक्ताओं में सुर्यदेव कुमार सिंह, इन्द्रजीत कुमार, संजय शर्मा, मवि रामपुर एचएम शशि कंात उर्फ ब्लू सिंह, मवि शिशवां एचएम अमित कुमार सिंह, मवि बहुआरा पट्टी एचएम अमितेश कुमार सिंह, पुर्व सीआरसी समन्वयक रामपुर, उमाकांत गिरि, सेवानिवृत्त शिक्षक राजकिशोर सिंह आदि शामिल थे.कार्यक्रम की अध्यक्षता डीडीओ एकरामुल हक ने व मंच संचालन मो परवेज आलम व दिनेश कुमार प्रसाद ने किया.मौके पर मो कलामुद्दीन ने वरीय शिक्षक देवांशू कुमार राम को अपना प्रभार दिया.मौके पर विधालय के शिक्षक गीता कुमारी, नाजरा बानो, रुखसाना खातून, पुष्पलता कुमारी, मदन महतो, अवधेश कुमार पाण्डेय, लोकनाथ सिंह, सचिव सत्येन्द्र कुमार गिरि, अजीत कुमार गिरि, रामपुर के मुखिया अमरेन्द्र कुमार सिंह सहित पोषक क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित थे।

## सरस्वती पूजा को लेकर पहलेजा थाना में हुई शांति समिति की बैठक

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सरस्वती पूजा को लेकर पहलेजा थाना पर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष स्वेता कुमारी ने करते हुए उपस्थित लोगो को कही कि मां सरस्वती ज्ञान की देवी है इसे शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सभी एक दूसरे के साथ मिलकर मां सरस्वती की पूजा करें.थाना अध्यक्ष ने माँ सरस्वती पूजा को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर व्यापक चर्चा की ।बैठक में कहा गया की मूर्ति स्थापित करने वाले सभी लोगों को पूजा के लिए मूर्ति बैठने के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा।जो भी बिना लाइसेंस के मूर्ति स्थापित करेंगे उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी.पूजा के दौरान अश्लील गीत, डीजे बजाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया हैय़ह भी कहा गया की पूजा या मूर्ति विसर्जन के दौरान ध्वनि विस्तार का प्रयोग कम करेंगे.ऐसा कोई भी कार्य नहीं करें जिससे अन्य लोगों को परेशानी हो अगर ऐसी कुव्यवस्था देखी गई तो पूजा समिति सदस्यों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगीस़भी पूजा समितियां को अपनी-अपनी मूर्तियों के विसर्जन को प्रशासन के द्वारा तय की गई तारीखों पर ही करना पड़ेगा।साथ ही विसर्जन के लिए किसी प्रकार का हथियार प्रदर्शन जुलूस में उपयोग नहीं निकाला जाएगा। मूर्ति का विसर्जन शाम के4 बजे तक ही करना है। बैठक में लोगों से अपील की गई की शांति और सौहार्द के वातावरण में सरस्वती पूजा को संपन्न करें। सरस्वती ज्ञान की देवी है और इसमें कोई भी ऐसा काम ना करें जो व्यक्ति के ज्ञान पर प्रश्न उठे। पुलिस हर गतिविधियों पर करी नजर रखी हुई है.किसी प्रकार के घटना या असामाजिक तत्वों द्वारा किसी प्रकार की पूजा या विसर्जन के दौरान बाधा उत्पन्न करते हैं तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस को देंइस बैठक में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, पूजा समिति के लोग उपस्थित रहे।



## मूर्तिकार मां सरस्वती के प्रतिमा केनिर्माण के अंतिम रूप देने में जुटे



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** माँ शारदे की मूर्ति बनाने वाले कलाकार भी मां सरस्वती के अंतिम रूप की तैयारी में जुट गए हैं.मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित के समय नजदीक आते देखकर मूर्तिकार दिन रात मूर्ति की अंतिम रूप देने में जुट गए हैं.नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के कुम्हारों ने अपने परिवार केसदस्यों केसाथ मूर्तियों के निर्माण की रफ्तार को बढ़ा दिया है.ठंड के बाद धूप खिलने से मूर्तिकारों के चेहरे खिल गये हैंमूर्तिकारों ने मूर्तियों को रंगना शुरू कर दिया है.धूप खिलने से मूर्ति निर्माण की गति भी तेज हुयी हैस़रस्वती पूजा मनाने वाली पूजा समितियों की ओर से पूजा पंडाल में तैयारी शुरू कर दी गई है। पूजा समिति के सदस्य भी गांव के लोगों से चंदा लेकर पूजन सामग्री की खरीदारी कर रहे हैं.सरस्वती पूजा को लेकर प्रखंड भर में तीन दर्जन से अधिक स्थानों पर मूर्तियों का निर्माण किया जा रहा है। जहां मूर्तिकार मूर्तियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। अधिकांश मूर्तियां करीब पांच फूट की है। कारीगर ने बताया कि बसंत पंचमी में विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा धूमधाम से की जाती है। जहां मूर्तियों की डिमांड अधिक होती है। मांग को देखते हुए इस बार प्रखंड क्षेत्र में 5000 से अधिक मूर्तियों का निर्माण किया गया है। जो शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र केविभिन्न हिस्सो में माँ शारदे केप्रतिमा स्थापित की जाएगी। हालांकि इस बार मिट्टी के साथ प्लास्टर की भी मूतियां भी खूब बनाई गई है। जिनकी कीमत 500 रूपया से लेकर 5000 रूपया तक है। वहीं दूसरी ओर मां सरस्वती के प्रतिमा से स्थापित से लेकर विसर्जन तक शांतिपूर्ण तरीके से पूजा संपन्न हो इसके लेकर प्रशासन ने हर थाना क्षेत्र के लोगों के साथ शांति समिति की बैठक करते हुए कई दिशा निर्देश दिए हैं जिससे शांतिपूर्ण तरीके से पूजा संपन्न हो सके.मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित करने के लिए युवा वर्ग एवं बच्चे काफी उत्साह दिख रहे हैं.मूर्तिकार एक से बढ़कर मां सरस्वती की प्रतिमा के निर्माण कर रहे हैं वही पूजा समिति के लोग अपने समर्थ के अनुसार से मूर्ति का निर्माण करने के लिए आर्डर दे दिए हैं.इस बार मां सरस्वती की पूजा मुहूर्त के अनुसार माघ मास के कृष्ण पक्ष के पंचमी तिथि के दिन मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित किया जाता है.विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर मां शारदे से विद्या एवं बुद्धि देने के लिए वरदान मांगते हैं.इस बार दो एवं तीन फरवरी को सरस्वती पूजा मनाई जाएगी।

## सरस्वती पूजा के दौरान डीजे व अश्लील अश्लील गाने पर रहेगा प्रतिबंध

**दैनिक खोज खबर/दारौंदा (सिवान)।** थाना परिसर में शुक्रवार को सरस्वती पूजा व बसंतपंचमी को ले शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में सीओ सह प्रभारी बीडीओ पूनम दीक्षित व थानाध्यक्ष छोटन कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि सरस्वती पूजा के दौरान डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। बैठक में उपस्थित डीजे संचालकों से सरस्वती पूजा में डीजे नहीं बजाने का बांड भरवाया गया। इंटर परीक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरती जाएगी। अनुशासन तरीके से विसर्जित करने वाले पूजा समिति को पुरस्कृत किया जाएगा। सीओ ने बताया कि पूजा के बाद विसर्जन जुलूस शांति पूर्वक निकाला जाएगा। इसके लिए उपस्थित लोगों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि ऐसे में एहतियात बरतना आवश्यक है। थानाध्यक्ष ने कहा कि पूजा के दौरान अश्लील गाना व डीजे बजाने पर पूर्ण रूप से पाबंदी रहेगी। पूजा पंडालों में भीड़ से परहेज करने की अपील की गई। माहौल बिगाड़ने वाले शरारती तत्वों को चिह्नित किया जा रहा है। इंटरनेट मीडिया पोस्ट पर भी पुलिस की पैनी नजर रहेगी। इसके लिए साइबर सेल का गठन किया गया है। साइबर सेल इंटरनेट मीडिया की गतिविधियों पर नजर रखेगी। पूजा को लेकर जारी किए गए निर्देशों का पालन करना है। हुड़दंगियों पर पुलिस की नजर रहेगी। पुलिस पदाधिकारी पंडालों के अलावा क्षेत्र में भी पुलिस सजग रहेंगे। बैठक में सांसद प्रतिनिधि हितेश कुमार, मंटू तिवारी, उपप्रमुख हरेश यादव ,बीडीसी अजय यादव आदि उपस्थित थे।

## बीईओ के सेवानिवृत होने पर विदाई सह सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी के प्रांगण में सभी शिक्षकों ने अपने बीईओ नीरज चौधरी के सेवानिवृत होने विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया.इस मौके पर मुख्य अतिथि बीडीओ दीनबंधु दिवाकर ने कहा कि बीईओ नीरज कुमार चौधरी के कार्यकाल बहुत सराहनीय रहाव़हीं शिक्षक जाहिर हुसैन ने कहा कि जब भी बीईओ सर विद्यालय निरीक्षण में पहुंचे वहां उपस्थित शिक्षकों को अपने कर्तव्य पर ईमानदारी से कार्य करने की सलाह देते साथ ही कोई गलती या शिकायत होने पर बहुत ही प्यार से नियमानुसार चलने की बात बताते और प्रायः विद्यालय के किसी एक कक्षा में बच्चों को पढ़ाते थे.जिस कारण बच्चे भी अपने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी से काफी प्यार करते थे जब वह क्लास लेकर जाने लगते तो बच्चे कहते सर फिर अब आप कब आयेंगे.यही अंदाज उनको सबसे अलग करता था तथा आगे कहा कि सरकारी नौकरी में सेवानिवृत होना एक अनिवार्य नियम है.लेकिन उनके सराहनीय कार्य काल को हमेशा याद किया जाता रहेगा.इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनील राय तथा संचालन कुमार शैलेश ने किया इस अवसर पर शुभ नारायण लालन सिंह,अंकित कुमार सिंह,महमूद आलम,कन्हैया तिवारी,लेखपाल तारकेश्वर चौधरी,अशोक कुमार राय,बीपीएम खुशबू रानी, शैलेन्द्र सिंह,योगेन्द्र गुप्ता,शिक्षक अरविंद प्रसाद,राजेश मांझी,बलबंत कुमार,राजू चौधरी विजय सिंह,पप्पू कुमार अनवर आलम सहित अन्य शामिल हुए साथ ही सभी शिक्षकों ने अंग वस्त्र से बीईओ को सम्मानित किया।




## जीवन में सत्संग का होना जरूरी : अर्चनामणि

**दैनिक खोज खबर/हसनपुरा (सिवान)।** प्रखंड के पियाउर पंचायत के पश्चिम टोला स्थित शिव मंदिर परिसर में चल रहे सात दिवसीय रुद्र महायज्ञ के प्रथम दिन गुरुवार की रात वृंदावन से पधारी मानस कोकिला अर्चनामणि पराशर ने अपने मुखारबिंद से उपस्थित सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने कथा के प्रथम दिन सत्संग की महिमा का व्याख्यान करते हुए कहा कि जब तक जीवन में सत्संग नहीं होगा जीवन का जो मूल है उसे नहीं समझा जा सकता है। मनुष्य के अंदर मानवता को लाना है तो हरि के चरित्र को सुनना पड़ेगा और उसे अपने जीवन में उतारना पड़ेगा। क्योंकि भगवान की कथा में वो शक्ति है, जिससे मनुष्य को जीने की क्या कला है उसे मिलती है। सत्संग के प्रभाव से रामजी क्षत्रिय कुल में आने के बाद भी भगवान बन गए और सत्संग के अभाव में रावण ब्राह्मण कुल में आने के बाद भी निशाचर कहलाया। इस मौके पर काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# सोनपुर में जनसुराज पार्टी की नव पदाधिकारी मनोनीत

## सरोज गुप्ता बने जनसुराज पार्टी के अनुमंडल महासचिव

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर केदुधैला एन एच-19 स्थित जन सुराज पार्टी केअनुमंडल कार्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे पार्टी केमहिला जिलाअध्यक्ष अमिता सहनी व अनुमंडल अध्यक्ष सुधीर सिंह उर्फ भोला जी के उपस्थिति में अनुमंडल अंतर्गत सभी 3 प्रखंडों के नये पदाधिकारियों की सूची की घोषणा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुधीर सिंह ने किया। अनुमंडल अध्यक्ष सुधीर सिंह ने सोनपुर, दरियापुर, दिघवारा प्रखंड केनये पदाधिकारीयों केविषय में नाम व पद केबारी बारी नये कमिटी सदस्यों की घोषणा किया, जिसमें सोनपुर प्रखंड में अध्यक्ष मनुलाल भगत को पुनः प्रखंड अध्यक्ष चुना गया , संगठन महासचिव दिवाकर सिंह , अभियान संयोजक नगेन्द्र राय , महिला अध्यक्ष राज कुमारी शर्मा, रोहन कुमार युवा अध्यक्ष, किसान अध्यक्ष श्यामबाबू महतो जबकि दिघवारा प्रखंड अध्यक्ष अजीत सिंह , महासचिव मनोज गुप्ता , अभियान संयोजक अजित सिंह,मिडिया प्रभारी नीरज कुमार, मुख्य प्रवक्ता रविंद्र महतो, युवध्यक्ष मुकेश शर्मा, किसान अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, महिला अध्यक्ष मइमुन निशा दरियापुर प्रखंड में गोलोक बिहारी शरण सिंह प्रखंड अध्यक्ष, महासचिव अरुण मेहता तथा अभियान संयोजक लाल बाबु राय, मिडिया प्रभारी विशाल श्रीवास्तव, मुख्य प्रवक्ता विजय भगत, युवाध्यक्ष श्री निवास यादव, किसान अध्यक्ष संजय कुमार, महिला अध्यक्ष उर्मिला शाह को मनोनीत किया गया.इस मौके पर अनुमंडल उपाध्यक्ष भरत सिंह, अनुमंडल महा सचिव सरोज गुप्ता,आमोद गोप, जनार्दन सिंह,श्याम बाबू महतो,दिवाकर कुमार सिंह,संजय कुमार सिंह, नौशाद अहमद,रोहन कुमार, राहुल कुमार,मेमन निशा, मालती देवी, संजय कुमार, गौतम कुमार, सतीश कुमार,रंजन प्रताप, राहुल कुमार,राजकिशोर, नवल कुमार, वैभव सिंह, अफजल अली,अखिलेश कुमार,सुधीर कुमार,मुकेश कुमार शर्मा सहित भारी संख्या में जन सुराज के कार्यकर्ता लोग मौजूद रहे।



## कक्षा 12वीं के बच्चों को दी गई विदाई

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** शहर के मैरवा रोड स्थित संघमित्रा पब्लिक स्कूल में गुरुवार को कक्षा 11वीं के बच्चों द्वारा समारोह आयोजित कर कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई। इस मौके पर कक्षा 11वींके छात्र-छात्राओं ने नृत्य, संगीत एवं 12वीं के छात्र- छात्राओं के प्रति अपने प्रेम को दर्शाते हुए इस आयोजन को प्रस्तुत किया। 12वीं के बच्चों द्वारा अपने दो साल के शैक्षणिक वर्षों के दौरान जीवन को उत्कृष्ट तरीके से जीने की जो सीख प्राप्त की उसे मार्मिक कविता के माध्यम से सभी को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या नवोनिता घोष ने बच्चों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आप हमारे बच्चे हैं, आपकी विदाई नहीं की जा रही है बल्कि आगे बढ़ने के लिए अग्रसर किया जा रहा है, क्योंकि आप सभी बच्चों को अपनी मंजिल को पाने के लिए आगे तो बढ़ना ही है और यह विद्यालय आपका ही है और कभी भी आपका रहेगा। जब भी इच्छा हो आप आ सकते हैं। विद्यालय के सचिव सह संस्थापक मनीष प्रसाद सिंह ने बच्चों को धन्यवाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि आप हमेशा सच्चाई और ईमानदारी पथ पर चलने का प्रयास करेंगे।

# इंटरमीडिएट परीक्षा केंद्रों पर तैयारियों का मढ़ौरा एसडीएम ने लिया जायजा

## परीक्षा के दौरान किसी भी तरह की कोताही के लिये केंद्राधीक्षक होंगे जबाबदेह-एसडीएम

### 01 फरवरी से 15 फरवरी तक होगी इंटरमीडिएट परीक्षा



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा।** अनुमंडल पदाधिकारी ने स्वच्छ एवं कदाचारमुक्त वातावरण में इंटरमिडियट परीक्षा आयोजन को लेकर बिहार विद्यालय परीक्षा के सभी निदेशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा। शुक्रवार को मढ़ौरा एसडीएम डॉ.प्रेरणा सिंह ने मढ़ौरा प्रखंड के छः परीक्षा केंद्रों व अमनौर प्रखंड मुख्यालय स्थित एचआर कॉलेज परीक्षा केंद्र समेत अन्य केंद्रों का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने सभी केंद्राधीक्षकों को हिदायत करते हुए कहा कि परीक्षा केंद्र के सभी वीक्षकों एवं अटेंडेंट का परिचय पत्र अनिवार्य रुप से होना चाहिए। साथ ही पूर्व से निर्देशित समुचित बेंच की संख्या, वीक्षकों की संख्या, शौचालय, रोशनी आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित रहना चाहिए। साथ ही अन्य सभी निर्देशित बिन्दुओं पर पूरी तरह से अमल किया जाना चाहिए। अन्यथा किसी भी कोताही के लिए केंद्रकाधीक्षक जिम्मेवार होंगे। निरीक्षण के क्रम में डीएसपी नरेश पासवान एवं डीसीएलआर मनोहर साहू भी थे। मढ़ौरा बीइओ ने बताया कि मढ़ौरा प्रखंड के परीक्षा केंद्र पीपी इंटर कॉलेज शिल्हौरी-904, हाई स्कूल मढ़ौरा-1089, ट्राइडेंट पब्लिक स्कूल-1090, बोर्ड मिडिल स्कूल मढ़ौरा-1018, पंजवाहर लाल नेहरु कॉलेज- 775, केपी हाई स्कूल शिल्हौरी-1033 परीक्षार्थी छात्राओं की संख्या जोड़ कुल परीक्षार्थी 5909 (छात्राएं) सम्मिलित होगी।

# उच्च विद्यालय मशरक में शिक्षक विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत मुख्यालय अवस्थित प्लस टू उच्च विद्यालय मशरक में शुक्रवार को अवकाश प्राप्त विशिष्ट शिक्षक रामप्रवेश पंडित का विदाई सह सम्मान समारोह धूम धाम से आयोजित हुआ। विद्यालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में माध्यमिक कक्षा में हिंदी विषय के विशिष्ट शिक्षक रामप्रवेश पंडित को अवकाश ग्रहण के बाद विदा करते हुए पूरा विद्यालय परिवार रो पड़ा। विद्यालय के छात्र छात्रा एवं शिक्षक ने कर्तव्य परायण शिक्षक को फूल माला एवं उपहार देकर पैर से लिपट गए। जिन्हें विद्यालय प्रधान मुकेश कुमार ने संभाला। समारोह की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय प्राचार्य मुकेश कुमार ने कहा कि शिक्षक के कर्तव्य बोध का जीवंत उदाहरण है पंडित जी। इनकी कमी सदैव विद्यालय के साथ साथ मशरक वासियों को महसूस होगी। समारोह का संचालन विद्यालय के वरीयतम शिक्षक संजय कुमार सिंह ने किया। मौके पर विद्यालय के अभिभावक अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक मुरली मनोहर सिंह, विद्यालय शिक्षक अरुण कुमार बरनवाल, रामप्रवेश पड़ित, डॉ मनोज कुमार सिंह, प्रभात चन्द्रभूषण, महेश पोद्दार, विनय कुमार सिंह, विजय कृष्ण त्रिपाठी, अरविंद सिंह, शत्रुघ्न कुमार, दुर्गा प्रसाद, अभय कुमार सिंह, उमा शंकर जी, श्वेता कुमारी, राजेंद्र कुमार, शोभा कुमारी, इंदु श्रीवास्तव सहित अन्य ने समारोह को संबोधित किया। आखिरी में अवकाश प्राप्त शिक्षक को अंग वस्त्र, शॉल, रामायण सहित अन्य सामग्री उपहार स्वरूप दिया गया।



# फ्लैग मार्च निकाल आमजन को सड़क सुरक्षा का दिया संदेश

**दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)।** एनबीपीडिसिएल और मोंटेकर्लो कंपनी के कर्मचारियों ने मंगलवार को विभिन्न मार्गो से फ्लैग मार्च निकालते हुए आमजन में सुरक्षा की भावना का संदेश दिया। प्रेम व भाईचारे के बीच सौहाद्र्रपूर्ण वातावरण को लेकर कंपनी प्रोजेक्ट मैनेजर मोनू सिंह और एच आर रजनीश त्रिपाठी के नेतृत्व में कंपनी के कर्मचारियों ने सड़क सुरक्षा अभियान चलाया गया जहां अलग अलग कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों को पालन करने की अपील की जा रही है इस फ्लैग मार्च में ब्रजेश सिंह, सुजीत गोस्वामी, विशाल सिंह, सर्वजीत सिंह, विकाश कुमार, देवनाथ कुमार, सुमित कुमार एवं फैज खान के साथ कई कर्मचारी मौजूद थे। सभी कर्मचारी ने शहर भर में फ्लैग मार्च निकालकर लोगों से यातायात के नियमों का पालन, हेलमेट का उपयोग, नशे में वाहन नहीं चलाने को लेकर लोगों से अपील की। इस फ्लैग मार्च को लेकर प्रोजेक्ट मैनेजर मोनू सिंह ने बताया की जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटना को देखते हुए जिले भर में एक महीने के लिए सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है । इसी कड़ी में हमलोग आज सभी कर्मचारी के साथ फ्लैग मार्च निकालकर लोगों को यातायात के नियमों का पालन करने का संदेश दे रहे है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा की दो पहिया वाहन चलाते वक्त हेलमेट का उपयोग अवश्य करे, चार पहिया वाहन चलाते वक्त सीट बेल्ट जरूर लगाएं और नशे में गाड़ी कभी नहीं चलाए, ट्रैफिक नियमों का पालन करे, नाबालिक बच्चे को वाहन चलाने न दें, ओवरस्पीड वाहन चलाने से बचे।

# किसान के लाल ने किया कमाल, बिजली विभाग मे बने असिस्टेंट मैनेजर

**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज।** किसान पुत्र रामाशंकर कुमार ने एक वर्ष पहले सबसे टॉप परीक्षा गेट मे 48वां रैंक लाकर अपने राज्य बिहार मे सातवें नम्बर पर थे।और जिला टॉपर थे।अब रामाशंकर का अगला लक्ष्य है यूपीएससी निकाल कर देश की सेवा करना।रामाशंकर कुमार सारण जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत डुमरी पंचायत सींगही निवासी किसान वकील राय के पुत्र हैं,और वे पांच राज्य बिहार, सिक्किम, झारखंड, उड़ीसा, कोलकाता और भारत बांग्लादेश बार्डर पर बिजली कंट्रोल रूम मे असिस्टेंट मैनेजर के पद पर कार्य करेंगे।

# झांसा देकर महिलाओं के नाम पर लोन लेकर फरार

**दैनिक खोज खबर/मांझी।** मांझी प्रखण्ड के नरपालिया में डेढ़ दर्जन महिलाओं को झांसा देकर विभिन्न बैको से लगभग दस लाख रुपये लोन लेकर किश्त जमा नहीं करने का मामला प्रकाश में आया है। मांझी थाना में दिए गए आवेदन में नरपालिया गाँव निवासी माया प्रसाद की पत्नी किरण देवी द्वारा बताया गया है कि गाँव के दहिन महतो के पुत्र अनिल महतो (मास्टर) जो गाँव ही बच्चो को ट्यूशन पढ़ाते हैं। जो महिलाओं के साथ एक मीटिंग कर बताया कि मुझे कुछ पैसा की जरूरत है आप लोग अपने नाम पर लोन लेकर हमें दे दीजिए हम किस्त में उसको भर देंगे। किसी तरह लगभग डेढ़ दर्जन महिलाओं के नाम से विभिन्न बैको से लोन लेकर पैसा का खाता से निकासी कर लिया तथा तीसरा किस्त भर कर किस्त भरना बन्द कर दिया। जब विभिन्न बैंक कर्मियों द्वारा चौथी किस्त की मांग की गई तो सभी महिलाएं श्री महतो के दरवाजे पर पूछने गयी तो बताया गया कि अनिल महतो घर पर नही है। उसकी पत्नी कुन्ती देवी पुत्र क्रमश एकलव्य कुमार व वलकरण सभी लाठी डंडे लेकर आये और गाली गलौज करने लगे तथा मारपीट पर उतारू हो गए। पूछे जाने पर थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है प्राथमिक दर्ज कर जांच शुरू कर दिया गया है।

# पुलिस प्रशासन की टीम ने जनप्रतिनिधियों के टीम को हरा क्रिकेट मैच जीता



**दैनिक खोज खबर/दरियापुर।** प्रखंड के डेरनी सूतिहार खेल मैदान मे जनप्रतिनिधियों एवं पुलिस प्रशासन के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। जिसमें भोजपुरी लोक गायिका निशा उपाध्याय को भाजपा नेता सह सांसद प्रतिनिधि राकेश कुमार सिंह के द्वारा बाबा हरिहरनाथ का प्रसाद एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया ।वही भाजपा नेता सह सांसद प्रतिनिधि को मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि सैदपुर अनिल कुमार राय के द्वारा अंगवस्त्र देखकर सम्मानित किया गया। जनप्रतिनिधियों में कैप्टन मुखिया अजय राम, मुखिया प्रतिनिधि छोटू ओझा, वार्ड सदस्य चंदन कुमार एवं पुलिस प्रशासन टीम टीम में कैप्टन डेरनी थाना में पदस्थापित गोलु चौबे, पंकज कुमार, चंदन कुमार समेत अन्य भी शामिल रहें। जनप्रतिनिधियों की टीम द्वारा 156 रन का टारगेट पुलिस प्रशासन के टीम को दिया गया। जिसमें पुलिस प्रशासन ने तीन विकेट से जीत दर्ज की। ।इस मैच का आयोजन अखिलेश यादव के द्वारा किया गया था। इस अवसर पर भोजपुरी गायक आलम राज गायक एवं अभिनेता मुंडा स्वामी गायक बादल बवाली राजकिशोर राय मुखिया सुनिल राय सुमंत बाबा त्रिलोकी साह सोनू कुमार साहील कुमार एवं अन्य जनप्रतिनिधि एवं भोजपुरी गायक शामिल थे।

# पूर्व के विवाद को लेकर उप मुखिया पति पर जानलेवा हमला, छपरा रेफर

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के सोनौली पंचायत के उप मुखिया अनिता देवी के पति सह बीएसएनएल कर्मचारी 39 वर्षीय लखन प्रसाद यादव पर जान से मारने की नियत से मारने वाले बाइक से आए और टक्कर मारते हुए हमला कर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने का मामला सामने आया। घायल को इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक डॉ कविता सिंह ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। घटना के बारे में बताया गया कि वे दरवाजे पर बैठे थे कि उसी दौरान गांव के ही आलोक कुमार समेत अन्य ने उन पर हमला कर दिया जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए। मामले में पुलिस भी जांच पड़ताल में जुटी है। उन्होंने कहा कि पहले वे आए और बाइक से टक्कर मार दिए और जब वे गिर पड़े तो मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। थाना पुलिस को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई गयी पुलिस जांच में जुटी है।

# आवास सर्वे में ठगी की कोशिश की जा रही हैं-विधायक

**दैनिक खोज खबर/मांझी।** मांझी प्रखण्ड की कई पंचायतों में पँचायत प्रतिनिधियों तथा सरकारी कर्मचारियों की मिलीभगत से कथित तौर पर इंदिरा आवास योजना में बड़े पैमाने पर लूट खसोट की शिकायतों को माँझी के विधायक डॉ सत्येन्द्र यादव ने गम्भीरता से लिया है। सोनबरसा पँचायत के नरपलिया गाँव पहुँचे विधायक ने अपनी उपस्थिति में नूर महम्मद की पत्नी लैला बेगम के आवास का जीरो टैगिंग कराया। बाद में सोनबरसा पँचायत के पूर्व मुखिया मनन यादव के दरवाजे पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि इंदिरा आवास योजना के सर्वे की जाँच करने वाली टीम तथा लाभुकों से उन्होंने ब्यक्तिगत रूप से मुलाकात की है। श्री यादव ने कहा कि दलाल,पँचायत प्रतिनिधि एवम सर्वे की टीम पर हावी होकर लाभुकों से ठगी करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने लाभुकों से कहा कि वे दलालों को किसी भी तरह का कमीशन नही दें तथा दलालों द्वारा कमीशन के लिए मजबूर किये जाने पर उन्हें पकड़कर रस्सी से बांध दें तथा फिर उन्हें पुलिस के हवाले कर दें। उन्होंने कहा कि वे गाँव गाँव घूमकर दिन रात जनता की सेवा कर रहे हैं तथा दलालों को जनता के हक की राशि लूटकर मलाई नही खाने देंगे। मौके पर पूर्व मुखिया मनन यादव,माकपा नेता रमेश प्रसाद यादव,फैजान आलम तथा अकबर अली समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

# युवक की तेजधार हथियार से गर्दन रेत कर निर्मम हत्या

**दैनिक खोज खबर/अमनौर(सारण)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लच्छी कैतुका गांव में एक युवक की तेजधार हथियार से गर्दन रेत कर निर्मम हत्या कर दिये जाने की खबर से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी. मृतक लालबाबू सिंह का 21 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार सिंह बताया गया है.मृतक के पिता ने घटना के संबंध में बताया कि गुरुवार की रात 10 बजे घर के सभी सदस्य खाना खाकर सो गये थे.राहुल अपने छोटे भाई निपुण के साथ ही सोया था.लगभग 12: 30 बजे घर के छत से कूद- फांद की आवाज सुनाई दी तो मैं उठ कर छत पर गया तो मेरा होश उड़ गया.मेरा पुत्र राहुल खून से सना हुआ था.उसकी हत्या तेजधार हथियार से गर्दन रेत कर दी गयी थी.जिसके बाद इसकी सूचना 112 पर पुलिस को दिया.सूचना के बाद एक घंटे के बाद अमनौर पुलिस मौके पर पहुंची.बताया गया है कि राहुल चार भाइयों में तीसरा था.जो गुजरात में साड़ी कंपनी में काम करता था.डेढ़ माह पहले वह घर आया था.घटना को लेकर परिजनों व आसपास के लोगों को यह समझ में नहीं आ रहा है कि कैसे कोई अपराधी बाहर से छत पर चढ़ कर सीढ़ी से नीचे उतरकर उस युवक उठाकर घर के छत पर ले जाकर उसकी हत्या कर दे.इसको लेकर तरह-तरह की चर्चाएं की जा रही है.घटना के बाद मृतक के परिजनों में चीख पुकार मची हुई है.मृतक के माता सरस्वती देवी, बहन खुशी कुमारी, ज्योति कुमारी सहित अन्य परिजनों का रो रोकर हालत खराब है.इधर पुलिस घटना को लेकर परिजनों से पूछताछ कर घटना की तहकीकात में जुट गयी. शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया है.स्क्वाड डॉग के माध्यम से अपराधियों तक पहुंचने के लिए छापेमारी कर रही है.थानाध्यक्ष कुंदन कुमार ने यह घटना प्रथम दृष्टा से प्रेम प्रसंग का बताया है.उन्होंने बताया कि एफएसएल की टीम मौके पर पहुंच जांच में जुटी है.जांच कर जल्द इसमें शामिल लोगों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा.समाचार प्रेषण तक इस घटना को लेकर प्राथमिकी दर्ज नहीं की गयी है।

# पंचायत स्तर पर रबी किसान चौपाल का आयोजन

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के गंगौली गांव में रबी कृषि चौपाल का जिला कृषि पदाधिकारी श्याम बिहारी सिंह ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी राकेश झा,कृषि समन्वयक राम कुमार सिंह,कृषि सलाहकार अनिल ठाकुर समेत बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। उनके द्वारा किसानों को मोटे अनाज एवं जैविक विधि से खेती करने का सुझाव दिया गया। इसके साथ ही उन्होंने किसानों को जैविक खेती करने पर बल दिया। कहा कि जैविक खेती से हम स्वयं के साथ ही मिट्?टी के स्वास्थ्य की भी सुरक्षा कर सकते हैं। किसानों को मिट्टी जांच करने एवं उसके अनुशंसा के आधार पर उर्वरक उपयोग करने की सलाह दी गई। किसानों से उनके खेती-बाड़ी के तौर तरीके और उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी ली तथा उन्हें नई तकनीक से अवगत कराया। उन्होंने वैज्ञानिक विधि से किसानों को दलहन एवं तिलहन को लेकर बरतने जाने वाले सावधानियों की जानकारी दी। कहा कि जीरो टिलेज तकनीक से कम खर्च व मेहनत में किसान अच्छी पैदावार और लाभ प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही पशुपालन, बकरी पालन, बागवानी, मछली पालन, दुग्ध उत्पादन करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

# फंदा लगा रहें युवक को परिजनों ने बचाया, सदर रेफर

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के कर्ण कुदरिया गांव में घर में फंदा लगा जान देने की कोशिश कर रहे युवक को फंदे से उतार गंभीर हालत में इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ कविता सिंह ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। युवक की पहचान कर्ण कुदरिया गांव निवासी देव कुमार महंतों का 18 वर्षीय पुत्र विशाल के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त हैं और घर में ही फंदे से लटक जान दे रहा था कि घर वालों ने देख लिया।

# मढ़ौरा अनुमंडल कार्यालय में लगा निःशुल्क मेडिकल कैंप



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा।** अनुमंडल कार्यालय में आने वाले लोगों, कर्मियों और अधिवक्ताओं के लिए अनुमंडल प्रशासन ने एक निशुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन किया। निःशुल्क कैम्प में करीब दो सौ से अधीक लोगों ने अपना स्वास्थ जांच कराया और उपस्थित चिकित्सक से जरूरी सलाह प्राप्त की। पटना की प्रसिद्द अस्पताल मेदान्ता की चिकित्सक टीम के द्वारा आयोजित कैम्प में लोगों का रक्त चाप, सुगर, वजन, मोटापा सहित कई अन्य रोगों की प्ररंभिक जांच की गई। कैम्प में एसडीओ डॉ. प्रेरणा सिंह, डीसीएलआर मनोहर साहू, पीजीआरओ गुलाब अहमद डीएसपी नरेश पासवान सहित अनुमंडल कार्यालय के कर्मियों ने भी चिकित्सीय कैम्प में पहुंच कर अपना जांच करवाया। वही निशुल्क कैम्प से अपने न्यायालय कार्य से आने वाले लोगों ने अपना जांच करवा कर कैम्प का लाभ उठाया।

# मुखिया अनिल सिंह को ग्रामीणों ने किया सम्मानित



**दैनिक खोज खबर/मकेर(सारण)** अपने बेहतर अनुभव एवम दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण केंद्र सरकार के पंचायती राज मंत्रलाय द्वारा पुरस्कृत किया गया है ।गणतंत्र दिवस के मौके पर केंद्र सरकार के पंचायती राज विभाग द्वारा केंद्र सरकार एवम राज्य सरकार के द्वारा विकासात्मक कार्यो को शत प्रतिशत धरातल पर लागू किया ।समाज के पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए दिनरात एक दिया ।इससे प्रभावित होकर सरकार ने उन्हें पुरस्कृत किया है ।इसी कार्य को लेकर बाघाकोल पंचायत के महादलित बस्ती के वार्ड 9 के लोगो ने उन्हें अंगवस्त्र ,माला पहनाकर स्वागत किया है ।स्वागत करने वालो में पी आर एस संतोष मांझी, अजित सिंह, छोटू सिंह, दीपक सहनी, टिंकू कुमार, विकाश मित्र अजय राम ,भोला राउत ,प्रेम कुमार, जगरनाथ राम,जितेंद्र कुमार ,धर्मेंद्र कुमार राम, शत्रुघन राम, दीनबंधु राम, भोला कुमार साह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# आपसी विवाद में दो पक्षों में हुई जमकर मारपीट

**मढ़ौरा/अमनौर।** थाना क्षेत्र के कर्णपुरा बाजार के पास दो पक्षों के बीच आपसी विवाद को लेकर जमकर मारपीट हो गई।घटना शुक्रवार की संध्या का है, मारपीट की घटना में दर्जन भर से अधिक लोग के घायल होने की बात कही जा रही है। कर्णपुरा गांव के एक पक्ष के लोग व नौतन मठिया के पवरिया टोला के एक पक्ष के लोग कबाड़ी का काम करते है। दोनों पक्षों में कबाड़ी का समान खरीदने को लेकर पहले विवाद हुआ।बाद विवाद सामूहिक मारपीट में तब्दील हो गया। इस दौरान दोनो तरफ से लाठी, डंडे, ईट पत्थर चलने लगी।घटना की सूचना मिलते ही मढ़ौरा अमनौर थाना मौके पर पहुंची और मामले के नियंत्रण में जुट गई। सूचना पर डीएसपी नरेश पासवान भी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच में जुट गए है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है। सनाचार प्रेषण तक मामले में प्राथमिकी दर्ज नही कराई गई थी ।

# प्रखंड के 192 शिक्षक हुए प्रशिक्षित



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा।** प्रखंड के सभी 73 मध्य विद्यालय और 23 उच्च विद्यालय के दो -दो शिक्षक का विद्यालय स्वास्थ्य एवं आरोग्य कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण पूरा हुआ। शिक्षको का पांच दिवसीय प्रशिक्षण उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दयालपुर और उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेथुआ में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक के रूप में रेफरल अस्पताल मढ़ौरा की चिकित्सक डा. रश्मिऔर शिक्षक मो. आसिफ अंसारी छोटेलाल राम, अवधेश कुमार पाण्डेय उपस्थित रहें।प्रशिक्षण उपरांत सभी प्रशिक्षु शिक्षको को प्रमाण पत्र देकर अपने मूल विद्यालय के लिए विरमित कर दिया गया।समापन समारोह में शिक्षक प्रमोद कुमार सिंह शिक्षक, एचएम सुरेश राय और पुष्पेन्द्र कुमार पाण्डेय उपस्थित थे।

# चार दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ प्रारम्भ

**दैनिक खोज खबर/मांझी।** शुक्रवार को मांझी प्रखण्ड के कौरुधौरु गाँव से माँझी नगर पँचायत के प्रसिद्ध रामघाट तक निकाली गई भब्य आकर्षक व विशाल कलशयात्रा में सैकड़ों महिला व पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया। दर्जनों हाथी घोड़े ऊंट के अलावा रथ पर सवार रामदरबार की आकर्षक झांकी एवम बैंड बाजों से सुसज्जित कलश यात्रा के साथ ही मंदिर परिसर में चार दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ प्रारम्भ हो गया। यज्ञ के मुख्य यजमान व प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता इंद्रजीत सिंह ने बताया कि शुक्रवार को आयोजित कलशयात्रा में स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि उदय शंकर सिंह,पैक्स अध्यक्ष बीरेन्द्र सिंह,सरपँच प्रतिनिधि विजय चौरसिया बीडीसी प्रतिनिधि सुनील कुमार पाण्डेय के अलावा पूर्व सरपँच अरुण सिंह, पूर्व मुखिया शिव प्रसाद साह, विद्यासागर भगत, विक्रम महतो, बबलू श्रीवास्तव, अनिरुद्ध यादव, राजनाथ ठाकुर प्रदीप सिंह,उदय सोनी,रविकांत कुमार,संजीव कुमार तथा डॉ मुकुंद कुमार सहित सैकड़ों महिला व पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। उन्होंने बताया कि शनिवार को विद्वान ब्राम्हणों द्वारा वेदी पूजन,जलाधिवास तथा अन्नाधिवास होगा तथा रविवार मूर्ति स्नान तथा नगर भ्रमण के अलावा गायक दिवाकर सिंह की टीम द्वारा सुंदर काण्ड का सस्वर पाठ आयोजित किया जाएगा। ततपश्चात सोमवार को वैदिक रीति से मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी। उसी दिन दोपहर में बलिया की प्रसिद्ध कीर्तन गायिका प्रीति राय की टीम द्वारा भजन कीर्तन प्रस्तुत किया जाएगा तथा शाम को विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अनुष्ठान के मद्देनजर चार दिनों तक गाँव के लोगों ने मांसाहार का पूर्ण परित्याग कर दिया है। अनुष्ठान को देखते हुए आयोजकों द्वारा पूरे गाँव में घर घर प्रकाश तथा साउंड की अभूतपूर्व ब्यवस्था की गई है। अनुष्ठान को देखते हुए गाँव के लोगों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है।



# शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते, वे विद्यार्थियों के हमेशा आदर्श होते हैं: बीईओ निभा कुमारी

**दैनिक खोज खबर/जलालपुर।** प्रखंड के जलालपुर स्थित राजकीय बुनियादी विद्यालय अभ्यासशाला में कार्यरत रहे कुशल प्रधानाध्यापक मुंशी मियां के सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय परिवार के शिक्षको द्वारा शानदार विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में शिक्षक व छात्र-नौजवान शामिल रहे।विदाई सह सम्मान समारोह की अध्यक्षता राजकीयकृत प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने किया।वहीं मंच का संचालन शिक्षक नेता मंजीत कुमार तिवारी ने किया।इस अवसर पर विदाई सह सम्मान समारोह को मुख्य रूप से संबोधित करनेवालों में बिहार राजकीयकृत प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष उदयशंकर गुड्डू',प्रदेश सचिव सुनील तिवारी, परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष समरेन्द्र बहादुर सिंह, शिक्षक नेता मनोज मिश्रा, ट्रेनिंग स्कूल बंगरा के व्याख्याता राजेश्वर , अख्तर अली ,संजय कुमार सहित पंचायत के मुखिया धर्मेन्द्र राय, बनियापुर अंचल के डीडीओ जलालुद्दीन अंसारी के अलावा जलालपुर प्रखंड के शिक्षा पदाधिकारी नीभा कुमारी ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय के छात्र-छात्राओ द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत की गई।वहीं इस अवसर पर आए हुए आमंत्रित अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अमित प्रकाश गिरी ने किया। साथ ही विद्यालय परिवार एवं शिक्षकों की ओर से फूल माला एवं अंग वस्त्र देकर अवकाश प्राप्त शिक्षक मुंशी मियां को सम्मान पूर्वक विदाई दी गई। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षक नेताओ सहित छात्र-छात्राओ ने मुंशी मियां के शेष जीवन के लिए कुशलता की कामना की.वहीं इस अवसर पर शिक्षक नेताओ ने कहा कि कुशल शिक्षक हमेशा छात्र-छात्राओ के लिए आदर्श होते हैउनका जीवन चरित्र समाज के लिए अनुकरणीय होता है।वही राजकीय मध्य विद्यालय कोपा के एच एम अम्बदत गुंजन का विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे बोलते हुए प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश महासचिव दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि हमारे भारतीय संस्कृति मे गुरुओ को विशेष स्थान दिया गया है। वे हमेशा आदरणीय रहे है। उनकी भूमिका समाजनिर्माण मे सर्वोपरी रही है।सेवा काल मे शिक्षक पद से अवकाश लेने के बाद भी उनकी भूमिका कम नही होती है। उन्होने गुंजन जी के सेवा काल की प्रशंसा की। मौके पर मीडिया प्रभारी दिलीप सिंह, शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डा राजेश यादव, बसंत प्रसाद, अंचल सचिव सुरेंद्र राम धनेश्वर राम प्रभुनाथ पंडित भी थे।




## दिल्ली में बनेगी भाजपा की सरकार- धर्मेंद्र कुमार साह

### सारण जिला महामंत्री ने चलाया जनसम्पर्क अभियान



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों के समर्थन में बिहार से कई नेताओं को प्रचार अभियान में लगाया गया है। इसी क्रम में सारण जिला महामंत्री व छपरा विधानसभा प्रभारी धर्मेंद्र कुमार साह ने दिल्ली के जनकपुरी क्षेत्र में बीजेपी प्रत्याशी आशीष सूद के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया। धर्मेंद्र कुमार साह ने बीजेपी कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न इलाकों में जाकर आम जनता से मुलाकात की और आशीष सूद को जिताने की अपील की। उन्होंने दिल्ली की जनता से कहा कि बीजेपी की सरकार बनते ही महिलाओं को हर महीने ?2500 की आर्थिक सहायता, होली-दीवाली पर मुफ्त गैस सिलेंडर जैसी कई सौगातें दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि जनता के हित में बीजेपी की सरकार बेहद जरूरी है।

श्री साह ने बताया कि पार्टी नेतृत्व ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है, उसे वह पूरी निष्ठा से निभाएंगे। उन्होंने कहा, ''हम यहां दिल्ली में बीजेपी प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी मेहनत कर रहे हैं। पार्टी के विकास कार्यों और जनहित योजनाओं को घर-घर तक पहुंचा रहे हैं।''उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली की जनता अब बदलाव चाहती है और आम आदमी पार्टी की नीतियों से निराश हो चुकी है। साह ने जनता से अपील करते हुए कहा कि अगर वे दिल्ली में विकास और सुशासन चाहते हैं तो बीजेपी को समर्थन दें और जनकपुरी से आशीष सूद को भारी मतों से विजयी बनाएं। साथ में एमएलसी प्रत्याशी धर्मेन्द्र कुमार सिंह,पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश प्रसाद जिला महामंत्री शत्रुध्न भगत,पूर्व जिला महामंत्री शांतनु सिंह एसी मोर्चा जिला महामंत्री शत्रुध्न चौधरी हैं।

## डीएम के जनता दरबार में 49 लोगों ने सुनाई अपनी समस्या

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता के निर्देश पर शुक्रवार को जिला समाहरणालय सभागार में अपर समाहर्ता उपेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में फरियादियों की भीड़ लगी रही। इस दौरान लोगों ने खुलकर अपनी समस्याएं रखीं और पदाधिकारियों ने भी उन्हें गौर से सुना। जनता दरबार में कुल 49 फरियादियों ने विभिन्न प्रकार की परेशानियां सुनाते हुए उसके निदान की गुहार लगाई। जिला के विभिन्न प्रखंडों से आए परिवादकर्ता अलग-अलग विभागों यथा उप विकास आयुक्त कार्यालय, जिला स्वास्थ्य विभाग, अपर समाहर्ता कार्यालय, जिला भू अर्जन शाखा, विधि शाखा, जिला सांख्यिकी कार्यालय, जिला सहकारिता विभाग कार्यालय, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सामान्य शाखा, विद्युत विभाग, कल्याण विभाग, सदर व महाराजगंज अनुमंडल कार्यालय, बाल संरक्षण पदाधिकारी के साथ-साथ विभिन्न अंचल/थाना के कार्यालयों इत्यादि से संबंधित मामले लेकर पहुंचे थे। इस दौरान पदाधिकारियों ने सभी फरियादियों के आवेदन पर बारी-बारी से गौर किया। साथ ही संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनता दरबार में आए सभी मामलों को विशेष रुप से ध्यान देते हुए ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया है। निष्पादनों से संबंधित कार्रवाई की अधिकारियों से मांग भी की गई है। अधिकांश शिकायतों को संबंधित अधिकारियों के पास प्रेषित किया गया तो कुछ मामलों में संबंधित पदाधिकारियों को फोन पर सूचित करते हुए यथाशीघ्र आवश्यक कार्रवाई की हिदायत दी गई।

## छह दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण संपन्न

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** मैरवा प्रखंड मुख्यालय स्थित प्राथमिक शिक्षक शिक्षण महाविद्यालय में शुक्रवार को शिक्षकों का छह दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण संपन्न हो गया। शिक्षकों को संबोधित करते हुए डायट के प्राचार्य डा.सत्येंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि कौशल को निखारने के लिए प्रशिक्षण आवश्यक होता है। उन्होंने शिक्षकों से प्रशिक्षण में प्राप्त नई तकनीकों का इस्तेमाल शिक्षण के दौरान करने की अपील की। कार्यक्रम को व्याख्याता डा.अवधेश कुमार, अब्दुल बदूद, इफ्तेखार अकरम, दिनेश कुमार आदि ने संबोधित किया। मौके पर प्रमोद कुमार, अविनाश चंद गुप्ता, अहमद अंसारी, अभिषेक दूबे, आशुतोष राय, संपूर्णानंद प्रसाद, अमित पाठक आदि उपस्थित थे।

## प्राण प्रतिष्ठा व महायज्ञ हेतु आज निकलेगी भव्य कलश यात्रा

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** शहर के शेखर सिनेमा के नजदीक स्थित संतोषी माता मंदिर में आधा दर्जन देवी व देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा के लिए महायज्ञ का आयोजन किया गया है। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि महायज्ञ के लिए शुक्रवार को सनातन धर्म की परंपरा के अनुसार मांगलिक कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। इससे पूर्व हल्दी कुटाई की रस्म अदा की गई। इसके पश्चात संध्या में माता व बहनों सहित श्रद्धालुओं द्वारा कथा श्रवण के उपरांत मटकोड़ का कार्यक्रम पंचमंदिरा पोखर के समीप संपन्न हुआ। बताया कि शनिवार को प्रातः काल आठ बजे मंदिर परिसर से 2501 कन्याएं, महिलाएं व श्रद्धालु कलश यात्रा में शामिल होंगी। कलश यात्रा शांति वृक्ष, मौलेश्वरी चौक होते हुए कागजी मुहल्ला दाहा नदी पट पर पहुंचकर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जलभरी किया जाएगा। जलभरी के पश्चात पुनः मंदिर पर कलश में भरे जल द्वारा पूजा अर्चना के पश्चात महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। वहीं 2 फरवरी यानि रविवार को मंदिर में वेदी पूजन, आवाहन, अग्नि स्थापना, अधिवास कार्यक्रम होगा। 3 फरवरी सोमवार को मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन और महाकाली, महालक्ष्मी, महासरस्वती, अर्द्धनारीश्वर, हनुमान जी एवं भैरव बाबा की मूर्ति स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही उसी दिन संध्या में मंदिर पर पूर्णाहुति विसर्जन कर सभी देवी व देवताओं की पूजा अर्चना प्रारंभ कर दिया जाएगा। मंदिर पर चलने वाले महायज्ञ में प्रतिदिन कथा वाचन के लिए वृंदावन की कथा वाचिका मालती मंजरी होंगी। वहीं दूर दराज व ग्रामीण क्षेत्रों से महायज्ञ में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रतिदिन महाभंडारे का आयोजन किया गया है

## युवक की हत्या कर शव को पेड़ से लटकाया, सनसनी

**परवेज अख्तर/सीवान।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बरहन बाजार व बासोपाली कोठी के बीच नर्सरी में युवक का शव पेड़ से बने फंदे से लटकता पाया गया। शव मिलने की सूचना पर घटनास्थल पर लोगों की काफी संख्या में भीड़ इकट्ठी हो गई। इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी गई। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मुफस्सिल थाना की पुलिस पहुंचकर शव को नीचे उतरवाया और पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।मृतक की पहचान गांव निवासी सवरू चौधरी के पुत्र दीपक यादव के रूप में हुई है। मामला प्रेम प्रसंग का बताया जा रहा हैं। घटना के संबंध में मृतक के भाई जितेंद्र यादव ने बताया शुक्रवार की अल सुबह करीब चार बजे वह अपने भाई दीपक को उठाया और पशुओं को चारा डालने के लिए कहा। वहीं दीपक पशुओं को चारा डालकर नर्सरी की तरफ शौच के लिए चला गया। काफी देर बाद तक वह घर नहीं लौटा। करीब साढ़े सात से आठ बजे के बीच गांव के कुछ लोग शहर की तरफ जा रहे थे। तभी उनलोगों की नजर पेड़ से लटकर रहे दीपक के शव पर पड़ी। इसके बाद उनलोगों ने इसकी सूचना हमलोगों को दी। घटनास्थल पर पहुंचकर देखा गया कि दीपक फंदे से लटका हुआ है और उसका घुटने जमीन पर है। इसके बाद घटना की सूचना स्थानीय थाना को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया और मामले की जांच में जुट गई। मौत के बाद स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। शुक्रवार की दोपहर दीपक का शव घर पहुंचते ही स्वजनों में चीत्कार मच गया। जितेंद्र ने बताया कि दीपक का गांव के ही एक युवती से प्रेम प्रसंग था और वह उसी से हमेशा बातचीत करता था। इसको लेकर कई बार युवती के स्वजनों द्वारा धमकी भी दी गई है। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही सदर एसडीपीओ अजय कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मृतक के स्वजनों से जानकारी ली।

## धारदार हथियार से गला रेतकर मुर्गा दुकानदार की हत्या

**परवेज अख्तर/सीवान।** बड़हरिया थाना क्षेत्र के लकड़ी दरगाह के कुरैशी मोहल्ला में में शुक्रवार की दोपहर आपसी विवाद में धारदार हथियार से गला रेतकर मुर्गा दुकानदार की हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान लकड़ी दरगाह निवासी इदरिश कुरैशी के 40 वर्षीय पुत्र नौशाद अली के रूप में हुई है। बताया जाता है कि नौशाद अली शुक्रवार की दोपहर अपनी दुकान पर था। इसी दौरान पूर्व के विवाद को लेकर पट्टीदार तबरेज कुरैशी पहुंचा और दोनों में हाथापाई होने लगी। बात इतनी बढ़ी कि तबरेज कुरैशी ने दुकान पर रखा धारदार हथियार उठाया और नौशाद के गले पर वार कर किया। इससे नौशाद गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर गया। इस दौरान नमाज पढ़कर लौट रहे लोगों ने घायल को खून से लथपथ देख इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां से चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल लाए जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही स्वजनों में कोहराम मच गया। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण भी सदर अस्पताल पहुंच गए। घटना की सूचना स्थानीय थाना को दी गई। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बड़हरिया थाना की पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद स्वजनों को सौंप दी। मामले में बड़हरिया थानाध्यक्ष सह इंसपेक्टर रूपेश वर्मा ने बताया कि एक मुर्गा दुकानदार की धारदार हथियार से वार कर हत्या की गई है। स्वजनों की ओर से अबतक आवेदन नहीं दिया गया है। हालांकि त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतक के पट्टीदार तबरेज कुरैशी को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रह है।

### प्रत्येक शुक्रवार को सभी पदाधिकारी आम लोगों से मिलने हेतु कार्यालय में रहे उपस्थित

**परवेज अख्तर/सीवान।** मुख्य सचिव, बिहार ने सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव/ प्रधान सचिव/ सचिव/ सभी प्रमंडलीय आयुक्त /जिलाधिकारी को प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं संवेदनशील बनाने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं। जारी पत्र में उनके द्वारा कहा गया है कि सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को राज्य मुख्यालय, प्रमंडल, जिला मुख्यालय से लेकर अनुमंडल एवं प्रखंड स्तर के सभी पदाधिकारी आम लोगों से साक्षात्कार हेतु कार्यालय में निश्चित रूप से उपस्थित रहें ताकि आम लोग अपनी समस्याओं के समाधान हेतु आसानी से संबंधित पदाधिकारी से मिल सकें। इसके आलोक में जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता ने जिला के सभी स्तरों ( अनुमंडल/ प्रखंड ) के पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि सभी पदाधिकारी शुक्रवार को विशेष रूप से कार्यालय में आम लोगों से मिलने हेतु उपस्थित रहें। आमजनों से मिलकर उनकी समस्याओं के समाधान हेतु तत्पर रहें। इस क्रम में यह भी निर्देश दिया गया है कि आम लोगों द्वारा समर्पित किए जाने वाले आवेदन पत्रों को यथासंभव बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत करवाएं ।ताकि सक्षम प्राधिकार द्वारा समयबद्ध निष्पादन हो सके।

## वीक्षकों ने किया योगदान, परीक्षा केंद्रों पर लगाए गए सीटिंग प्लान

**दैनिक खोज खबर/सिवान :** इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 को संपादित कराने के लिए प्रतिनियुक्त वीक्षकों ने शुक्रवार को अपने निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर योगदान किया। यह सिलसिला पूरे दिन चलता रहा। डीईओ कार्यालय की परीक्षा इकाई से प्रतिनियुक्ति पत्र ले वीक्षकों ने केंद्राधीक्षकों के समक्ष योगदान किया। वहीं सभी परीक्षा केंद्रों पर सीटिंग प्लान की गई है।

**केंद्रों में प्रवेश से पूर्व हर किसी की होगी तलाशी :** परीक्षा केंद्रों में प्रवेश के पूर्व हर किसी की गहनतापूर्वक तलाशी ली जाएगी। सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में सीसी कैमरा लगाया गया है, ताकि परीक्षा से संबंधित गतिविधियों का अधिक से अधिक कवरेज हो सके। साथ ही सभी केंद्रों के प्रत्येक कक्ष में दीवार घड़ी भी लगा दी गई है।

**परीक्षा के दौरान शहर के ट्रैफिक पर करीब 30 हजार आबादी का पड़ेगा बोझ :** इंटर परीक्षा के कारण शहर के ट्रैफिक पर करीब 30 हजार आबादी का बोझ पड़ेगा। ऐसे में व्यस्त चौक-चौराहों से लेकर परीक्षा केंद्रों के आसपास जाम लगने की संभावना है। वहीं परीक्षा के दिनों में जाम की समस्या से बचने के लिए हर रोज परीक्षा शुरू होने से करीब डेढ़ घंटे पहले ही केंद्र पर पहुंचना होगा। ऐसे में उन्हें घर से पहले ही निकलना होगा। परीक्षा केंद्रों पर पहली पाली की परीक्षा समाप्ति के बाद और दूसरी पाली की शुरुआत से पहले ही ट्रैफिक पर अधिक लोड होगा। ऐसे में करीब 12 से दो बजे के बीच ट्रैफिक नियंत्रण करना प्रशासन के लिए चुनौतीपूर्ण होगा। इस संबंध में सदर एसडीओ सुनील कुमार ने बताया कि परीक्षा को लेकर विशेष व्यवस्था की गई है। जाम की समस्या पैदा ना हो, इसके लिए चौक-चौराहों सहित मुख्य सड़कों पर यातायात पुलिस के साथ पुलिस बल की तैनाती की गई है।

## पंचमुखी हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई भव्य कलश यात्रा



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** शहर के छोटा तेलपा पुलिस के समीप 3 फरवरी को पंचमुखी हनुमान जी का प्राण प्रतिष्ठा होना है जिसको लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। जिसको लेकर आज भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ो महिला पुरुष श्रद्धालु कलश यात्रा में शामिल रहे।वही लोगो का मानना है वर्षो से लोगो की आस्था इस जगह से जुड़ी थी यहाँ बहुत सड़क दुर्घटना होती रहती थी लेकिन जब से यहां पूजा पाठ का आयोजन शुरू हुआ तबसे सड़क दुर्घटनाएं बन्द हो गई फिर लोगो ने यहाँ पंचमुखी हनुमान मंदिर बनाने का निर्णय लिया।इसमे शहर के नगर निगम के मेयर लक्ष्मीनारायण गुप्ता के विशेष सहयोग के साथ साथ समाज के सभी लोगो ने बढ़ चढ़ कर आर्थिक सहयोग कर रहे है जिससे इस पंचमुखी हनुमान मंदिर मंदिर में श्री हनुमानजी एवम दुर्गा माता की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा हो जा रहा है जिसमे हजारों लोग रहेंगे मौजूद।वही आज के इस कलश यात्रा में मुख्य जजमान के रूप में होमगार्ड के पूर्व जिला अध्यक्ष बीरेंद्र यादव एवम उनकी पत्नी मीना देवी सहित वार्ड 39 के वार्ड पार्षद हेमन्त कुमार,सुनील कुमार यादव,मंटू राय,भोला राय,दिनेश राय,ओमप्रकाश कुमार,सुराज कुमार,अंशु कुमार सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

## दुकान का खिड़की तोड़कर चोरी

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा।** नगर क्षेत्र के धेनुकी चौक के पास एक दुकान का खिड़की तोड़कर हजारों रुपए के सामान की चोरी का मामला प्रकाश में आया है। घटना को लेकर पीड़ित दुकानदार धेनुकी निवासी इंद्रजीत कुमार ने एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में कहा है कि उसका टाटा स्काई शर्मा सर्विस सेंटर के नाम से एक दुकान है। बीती रात अज्ञात चोरों ने दुकान के पीछे का जालीनुमा खिड़की तोड़कर दुकान में रखे हजारों रुपए के सामान की चोरी कर ली है। मामले में पीड़ित दुकानदार ने चोरों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## 01 फरवरी से डीलर करेंगे अनिश्चितकालीन हड़ताल

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन छपरा सारण जिला इकाई द्वारा जन वितरण विक्रेताओं के विभिन्न मांगों के समर्थन में पटना के गर्दनीबाग में विगत 20 जनवरी 2025 से 80 वर्षीय जन वितरण विक्रेता अंबिका यादव जी द्वारा बिहार के 55000 जन वितरण विक्रेताओं के विभिन्न मांगों के समर्थन में भूख हड़ताल पर लगातार 10 दिनों से अधिक दिनों से डटे रहने एवं सरकार के किसी भी विभागीय मंत्री या पदाधिकारी के द्वारा उनसे वार्ता नहीं करने के कारण बिहार फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन के महामंत्री वरुण कुमार सिंह के आह्वान पर जन वितरण विक्रेताओं के प्रमुख मांग ?30000 प्रतिमाह मानदेय एवं विक्रेताओं को गोदाम से नेट वेट में खाद्यान उपलब्ध कराने के समर्थन में सभी विक्रेता के द्वारा एक स्वर में अंबिका यादव जी का समर्थन करते हुए जब तक सरकार उनसे वार्ता नहीं करती और वह धरने1फरवरी 2025पर बैठे रहेंगे तब तक अनिश्चित कालीन हड़ताल के लिए विक्रेता उनके समर्थन में पोस मशीन बंद कर वितरण बाधित रखेंगे ,इस संदर्भ में जिला पदाधिकारी छपरा को एक ज्ञापन संघ के जिला अध्यक्ष संजय कुमार सिंह के द्वारा दिया गया इस मौके पर संघ के विभिन्न सदस्य श्री बबन गिरी राजेश कुमार नंदकिशोर सिंह ब्रजकिशोर सिंह, बच्चा कुमार सिंह अरविंद कुमार बृजनंदन राय सहित एवं दर्जनों विक्रेता उपस्थित थे।

## उचक्कों ने रेल यात्री का उड़ाया पर्स

**मैरवा (सिवान) :** आम्रपाली एक्सप्रेस में चढ़ने के दौरान एक महिला यात्री का उचक्के ने पर्स चोरी कर ली। पर्स में 10 हजार रुपये, एटीएम कार्ड समेत पहचान पत्र व कई कागज भी थे। यह घटना 29 जनवरी की है। मैरवा थाना क्षेत्र के इंग्लिश गांव की आरती देवी ने शुक्रवार को स्टेशन मास्टर को आवेदन देकर इसकी सूचना दी है। उन्होंने कहा है कि उनका भाई उत्तर प्रदेश के देवरिया अस्पताल में भर्ती था। उन्हें देखने के लिए वह अपनी बहन भारती देवी के साथ आम्रपाली एक्सप्रसे ट्रेन से देवरिया जा रही थी। मैरवा में ट्रेन में चढ़ने के दौरान किसी ने उनका पर्स चोरी कर ली। इसी दौरान ट्रेन खुल गई।

## शराब पीने के आरोप में दो गिरफ्तार

**आंदर (सिवान):** आंदर थाना क्षेत्र के तियांय बाजार व तियांय गांव में उत्पाद विभाग की टीम ने शुक्रवार की शाम गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की। इस दौरान तियांय बाजार में शराब पीकर हंगामा कर रहे दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया, वहीं तियांय गांव में शराब व शराब धंधेबाज को पकड़ने के लिए छापेमारी की। जिसकी सूचना मिलते ही शराब धंधेबाज भागने में सफल रहे। यह जानकारी सिवान उत्पाद विभाग के एएसआइ राजेश सिंह ने दी ।

## मारपीट की प्राथमिकी

**बसंतपुर (सिवान)।** बसंतपुर थाना क्षेत्र के बसांव टोला शेख रफी गांव के शहीद आलम ने थाना में आवेदन देकर छह लोगों के विरुद्ध मारपीट करने का आरोप लगाया है। इस मामले में अमेंद्र कुमार, रोहित कुमार, पवन कुमार, मोनू कुमार, मनीष कुमार, शैलेंद्र कुमार को नामजद किया है। प्राथमिकी के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## वार्ड सदस्य के निधन पर शोक सभा का आयोजन

**दैनिक खोज खबर/रघुनाथपुर (सिवान) :** प्रखंड के रघुनाथपुर पंचायत के वार्ड संख्या एक की वार्ड सदस्य मंजू देवी का निधन गुरुवार की रात इलाज की दौरान मौत हो गई। वे करीब 50 वर्ष की थी। उनके पति सत्येंद्र प्रसाद गुप्ता ने बताया कि वह कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थी। उनका इलाज गोरखपुर में चल रहा था। इस दौरान गुरुवार की रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। उनकी मौत की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन की सूचना मिलते ही रघुनाथपुर पंचायत सचिवालय भवन में शोक सभा का आयोजन किया गया। इसमें दो मिनट का मौन रख उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।

## श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ की तैयारी पूरी, कलश यात्रा कल

**दैनिक खोज खबर/सिसवन (सिवान) :** प्रखंड के कचनार गांव स्थित उर्ध्वबाहू बाबा के मठ में सरस्वती पूजा के उपलक्ष्य में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ की तैयारी पूरी कर ली गई है। महाराणा संघ के तत्वावधान में आयोजित महायज्ञ की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को मठ परिसर में बैठक हुई। बैठक में महायज्ञ की तैयारी की समीक्षा की गई। इस दौरान कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए महाराणा संघ के सोनू सिंह, छोटू सिंह नन्हें सिंह ने बताया कि दो फरवरी को उर्ध्वबाहू बाबा के मठ परिसर से कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद पूर्वाह्न 11 बजे दिन से 24 घंटे का अखंड अष्टयाम शुरू होगा। अगले दिन सोमवार को सरस्वती पूजा के बाद यज्ञ का शुभारंभ होगा। प्रतिदिन संध्या छह बजे काशी से पधारे कथावाचक मधुकर महाराज द्वारा भागवत कथा का रसपान कराया जाएगा। पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि यह कार्यक्रम आठ फरवरी तक आयोजित होगा। नौ फरवरी को महाप्रसाद एवं भंडारे तथा 10 फरवरी को यज्ञ का विसर्जन होगा। इस मौके पर विजेंदर सिंह, रवींद्र सिंह, राजन श्रीवास्तव, पप्पू सिंह आदि मौजूद थे।

## आठ सूत्री मांगों को ले आज से हड़ताल पर रहेंगे पीडीएस दुकानदार

**दैनिक खोज खबर/सिसवन (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित आंबेडकर सभागार में शुक्रवार को प्रखंड फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के प्रखंड अध्यक्ष दिनेश पांडेय की अध्यक्षता में पीडीएस दुकानदारों की बैठक हुई। बैठक के बाद डीलरों ने पदाधिकारियों को पत्र सौंपकर सूचित किया है कि जन वितरण विक्रेता एक फरवरी से अपनी लंबित आठ सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। एसोसिएशन के मुताबिक उनकी मांगों में 30 हजार रुपये प्रति माह मानदेय, कमीशन में वृद्धि, अनुकंपा, साप्ताहिक छुट्टी और गोदाम से नाप तौल करके अनाज दिलाने आदि मांग शामिल है। बैठक में डीलर उदयशंकर राम, सोनी देवी, मो.इरफान, सोनी देवी, कौशल मिश्रा, सुरेंद्र प्रसाद, वीरेंद्र सिंह आदि शामिल हैं। ज्ञात हो कि बिहार फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के प्रांतीय महामंत्री वरुण कुमार सिंह के आह्वान पर पूरे बिहार के जन वितरण विक्रेता एक फरवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने वाले हैं। इस हड़ताल के कारण आवश्यक वस्तुओं के उठाव और वितरण कार्य में गंभीर बाधाएं उत्पन्न हो सकती हैं, इससे उपभोक्ताओं को परेशानी हो सकती है।

## परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर परिधि में निषेधाज्ञा लागू, उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

**परवेज अख्तर/सीवान।** इंटरमीडिएट की परीक्षा कदाचारमुक्त, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने और परीक्षा संचालन के क्रम में शरारती तत्वों एवं अन्य कानून विरोधी व्यक्तियों द्वारा बाधा उत्पन्न करने की संभावना के मद्देनजर सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुनील कुमार व महाराजगंज अनुमंडल पदाधिकारी अनिल कुमार ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 163 के अंतर्गत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए परीक्षा समाप्ति तक के लिए सभी परीक्षा केंद्रों के भवन के चारदीवारी से सभी दिशाओं में 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू किया है। एसडीओ ने बताया कि पांच या इससे अधिक व्यक्ति एक जगह एकत्रित नहीं हो सकते हैं। किसी भी व्यक्ति को लाठी, भाला, गडासा, चाकू सहित अन्य घातक हथियार आग्नेयास्त्र, विस्फोटक सामग्री लेकर जाते हुए पकड़े जाने पर कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा अवधि के दौरान सुबह आठ बजे से शाम 05:30 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग वर्जित किया गया है। परीक्षा की तिथि के दिन 200 मीटर को परिधि में अंतर्गत सभी फोटो स्टेट मशीन की दुकानें परीक्षा समाप्ति अवधि तक बंद रहेगी। जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता ने बताया कि बिहार बोर्ड द्वारा इंटर परीक्षा में नकल करने वाले परीक्षार्थियों एवं इसमें सहयोग करने वाले अभिभावकों के साथ-साथ परीक्षा व्यवस्था से जुड़े सभी कर्मियों पर भी बिहार परीक्षा संचालन अधिनियम 1981 के प्रावधानों को सख्ती से लागू करने का निर्देश दिया गया है।